श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 265, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शुक्रवार 21 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।




10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास








## मिशन का उद्देश्य त्रिस्तरीय रणनीति को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला करना

# पीएम ने की 'मिशन लाइफ' की शुरूआत



**केवडियाः** गुरुवार सुबह केवडिया में पीएम ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। मुलाकात के बाद दोनों नेताओं ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी में मिशन लाइफ (लाइफ स्टाइल फॉर एन्वायर्नमेंट) अभियान की शुरूआत की। इस मिशन का उद्देश्य त्रिस्तरीय रणनीति को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला करना है। इस मौके पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद रहे।

**गुजरात हमेशा ट्रेंडसेटर रहा है:** उन्होंने आगे कहा कि चाहे बात नहरों पर सोलर पैनल लगाने की हो या सूखाग्रस्त इलाकों में जलस्तर उठाने के लिए, जल संरक्षण के अभियान हों, गुजरात हमेशा ट्रेंडसेटर रहा है। क्लाइमेट चेंज को लेकर ऐसी धारणा बना दी गई है जैसे यह सिर्फ पॉलिसी से जुड़ा विषय है। यह लाइफस्टाइल ऑफ द प्लैनेट, फॉर द प्लैनेट एंड बाय द प्लैनेट के मूल सिद्धांत पर चलता है। मिशन लाइफ हमें प्रेरित करता है कि हम सब अपनी रोजमर्रा की जिंदगी में ऐसा बहुत कुछ कर सकते हैं, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा हो। मिशन लाइफ मानता है कि अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव करके पर्यावरण की रक्षा की जा सकती है। मिशन लाइफ इस धरती की सुरक्षा के लिए जन-जन की शक्तियों को जोड़ता है और उनका बेहतर इस्तेमाल करना सिखाता है।



### क्या है लाइफस्टाइल फॉर एन्वायर्नमेंट अभियान?

**लाइफस्टाइल** फॉर एन्वायर्नमेंट अभियान को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2021 में ग्लासगो में सीओपी26 मे लॉन्च किया गया था। पीएम ने वैश्विक नेताओं से पर्यावरण के अनुकूल जीवन शैली को अपनाकर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया था। पीएम मोदी ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जन आंदोलन के रूप में चलाने का आग्रह किया था। पीएम मोदी ने पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के लिए एक अंतरराष्ट्रीय जन आंदोलन के रूप में चलाने का आग्रह किया था। मिशन का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर पर और सामुदायिक स्तर पर मैक्रो उपायों और कार्यों को लागू करके जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का मुकाबला करना है।

**फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वीडियो संदेश भेजाः** मिशन लाइफ के शुभारंभ पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने वीडियो संदेश भेजा।

उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब हमारी दुनिया भू-राजनीतिक तनावों के अधीन है, हमें सहयोग चुनना होगा, क्योंकि कोई भी देश अकेले वैश्विक चुनौतियों का सामना नहीं कर सकता है।

### 'वैश्विक एकता आज की सबसे बड़ी जरूरत'

**अपने** संबोधन में पीएम ने कहा- मुझे खुशी है कि दुनिया के देश मिशन लाइफ के लिए आगे आए। क्योंकि, परिवर्तन के लिए वैश्विक एकता आज की सबसे बड़ी जरूरत है। मिशन लाइफ हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए प्रेरित करता है। हम अपनी लाइफस्टाइल को ठीक करके पर्यावरण को बचा सकते हैं। यह आयोजन हमारे राष्ट्रीय गौरव सरदार वल्लभ भाई पटेल की विशाल प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के सानिध्य में हो रहा है। क्लाइमेट चेंज के खिलाफ लाइफ में यूनिटी ही सबसे अहम फैक्टर है। गुजरात, भारत के उन राज्यों में से एक है, जिसने सबसे पहले नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण सुरक्षा की दिशा में काम करना शुरू कर दिया था।

'बदलाव लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहे

'पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारे ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्रों का जलस्तर बढ़ रहा है, हमारी नदियां सूख रही हैं, मौसम अनिश्चित हो रहे हैं। यह बदलाव लोगों को सोचने पर मजबूर कर रहे हैं कि जलवायु परिवर्तन को सिर्फ नीति के भरोसे नहीं छोड़ सकते। लोग महसूस कर रहे हैं कि उनकी इस धरती के लिए ज़िम्मेदारी है।

# पीएम का देश को दिवाली गिफ्ट

## 'रोजगार मेला' करेंगे लॉन्च, 75000 को सौंपेंगे ज्वाइनिंग लेटर... 10 लाख रोजगार



**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस साल दिवाली के मौके पर देश के 75 हजार युवाओं को तोहफे में नौकरी देंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पीएम शनिवार को यानी 22 अक्टूबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। युवाओं को कई मंत्रालयों और सरकारी विभागों में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

**10 लाख लोगों की भर्ती के लिए रोजगार मेलाः** पीएम मोदी 10 लाख लोगों की भर्ती के लिए रोजगार मेला शुरू करेंगे। पीएमओ ने कहा कि युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम होगा। पीएम के निर्देशों के मुताबिक, सभी मंत्रालय और विभाग पदों की भर्ती के लिए मिशन मोड पर काम कर रहे हैं। ये भर्तियां मंत्रालय और विभाग या यूपीएससी एससी और रेलवे भर्ती बोर्ड जैसी भर्ती एजेंसियों के माध्यम से की जा रही हैं। इस साल जून भी में सभी विभागों और मंत्रालयों की समीक्षा के बाद पीएम मोदी ने ऐलान किया था कि उनकी सरकार अगले डेढ़ साल में यानी 2023 दिसंबर तक 10 लाख नौकरियां देगी।

**इन पदों पर की जाएंगी भर्तीः** रक्षा मंत्रालय, रेल मंत्रालय, डाक विभाग, गृह मंत्रालय, श्रम और रोजगार मंत्रालय, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, केंद्रीय जांच ब्यूरो सीमा शुल्क और बैंकिंग, सशस्त्र बल कर्मी, सब-इंस्पेक्टर, कॉन्स्टेबल, एलडीसी, स्टेनो, पीए और इनकम टैक्स इंस्पेक्टर सहित 38 विभागों में चुने गए युवाओं को नौकरियां अलॉट की जाएंगी।

**कई शहरों के केंद्रीय मंत्री शामिल होंगेः** कार्यक्रम में देशभर के केंद्रीय मंत्री भी शामिल होंगे। ओडिशा से शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, गुजरात से स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया, चंडीगढ़ से सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर।

### पंजाब पर आईएसएआई का फोकस

**नई दिल्लीः** भारत में प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस 6 नवंबर को कनाडा के ओंटारियो में 'खालिस्तान रेफरेंडम' करवाने जा रहा है। इसमें हिस्सा लेने वाले लोगों से पूछा जाएगा कि क्या आप भारत से अलग एक नया खालिस्तान देश चाहते हैं? भारत ने इस पर कनाडा सरकार के सामने विरोध दर्ज कराया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा कि हमने यह मुद्दा दिल्ली में कनाडाई एम्बेसी और कनाडा में भी अधिकारियों के सामने उठाया है। कनाडा में 6 नवंबर को होने वाले रेफरेंडम के लिए जगह-जगह होर्डिंग लगाए गए हैं।

# तय होगी मुस्लिम लड़कियों की शादी की उम्र



**नई दिल्लीः** मुस्लिम पर्सनल लॉ के एक और नियम के खिलाफ देश की सबसे बड़ी अदालत में बहस की तारीख मंजूर हो गई है। इस बार मुद्दा है- मुस्लिम लड़कियों के निकाह की उम्र। 17 अक्टूबर 2022 को सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई के लिए 9 नवंबर 2022 की तारीख तय की है।

**पूरा मामला क्या है ?:** जून 2022 में 16 साल की नाबालिग मुस्लिम लड़की और 21 साल के मुस्लिम लड़के से जुड़ा एक मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में पहुंचा। याचिका में दोनों ने बताया था कि उन्होंने हाल ही में निकाह किया है। उन दोनों के परिवार वाले इस निकाह के खिलाफ हैं, ऐसे में उन्हें सुरक्षा दी जाए। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने कहा, कानून के मुताबिक मुस्लिम लड़कियों की शादी मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत होती है। ऐसे में 15 साल की उम्र में मुस्लिम लड़की निकाह के योग्य हो जाती है। जस्टिस जे एस बेदी की सिंगल बेंच ने यह भी कहा कि लड़का-लड़की ने अपने परिवार वालों की मर्जी के खिलाफ निकाह किया है। सिर्फ इस वजह से उन्हें संविधान से मिलने वाले मौलिक अधिकारों से वंचित नहीं किया जा सकता है। इस तरह कोर्ट की ओर से उन्हें सुरक्षा दी गई।

**हाईकोर्ट के इस फैसले को एनसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट में दी चुनौतीः** पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के इस फैसले को नेशनल कमीशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ चाइल्ड राइट यानी एनसीपीसीआर ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। 17 अक्टूबर यानी सोमवार के दिन सुप्रीम कोर्ट के जज एस. के कौल और अभय एस. ओका की दो सदस्यीय पीठ ने इस मामले में नोटिस जारी किया। अदालत ने इस केस में कानूनी सहायता के लिए सीनियर वकील राजशेखर राव को न्याय मित्र नियुक्त किया है।

# आईएसआई को खुफिया जानकारी भेज रहा था जवान



**अमृतसरः** पंजाब की अमृतसर रूरल पुलिस ने एक आर्मी जवान के खिलाफ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई को जानकारियां देने का मामला दर्ज किया है। अमृतसर रूरल पुलिस ने यह कार्रवाई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों की सूचना के आधार पर की। फिलहाल आरोपी आर्मी जवान को गिरफ्तार करने के लिए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा। डीएसपी अटारी परवेश चोपड़ा ने जानकारी दी कि केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों ने आर्मी जवान उत्तर प्रदेश के गांव उसाराह रसूलपुर निवासी मनोज चौधरी के बारे में इनपुट दी थी। उनकी इनपुट के अनुसार मनोज अमृतसर में तैनात है और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसियों के लिए एजेंट का काम कर रहा है।

**तस्वीरें और नक्शे भी भेजेः** वह वॉट्सऐप व सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी स्मगलरों व खुफिया एजेंसियों के साथ जुड़ा हुआ है।

## थरूर के धांधली के आरोपों पर चुनाव प्रभारी मिस्त्री बोले- आप के दो-दो चेहरे

# कांग्रेस में अब भी अंदरूनी कलह जारी



**नई दिल्लीः** कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव गुजरे अभी एक दिन ही बीते हैं, लेकिन चुनाव में धांधली के आरोपों को लेकर पार्टी की अंदरूनी राजनीति एक बार फिर से खुलकर सामने आ गई है। इस बार कांग्रेस के सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री ने थरूर के चीफ पोलिंग एजेंट सलमान सोज पर निशाना साधा है। मधुसूदन मिस्त्री ने गुरुवार को कहा- माफी चाहूंगा पर आपके (थरूर के एजेंट) के दो चेहरे हैं। एक मेरे सामने था, जिसमें आप हमारे जवाबों से संतुष्ट थे। दूसरा वो, जिसमें आप मीडिया के सामने जाकर ये सारे आरोप लगाने लगे। हमने आपकी हर एक शिकायत को सुन लिया था। इसके बावजूद आप मीडिया में गए और कहने लगे कि सेंट्रल इलेक्शन अथॉरिटी हमारे खिलाफ साजिश रच रही है।

**सलमान सोज ने लगाया था धांधली का आरोपः** शशि थरूर के चीफ पोलिंग एजेंट सलमान सोज ने उत्तर प्रदेश में वोटिंग के दौरान अनियमितता बरतने का आरोप लगाया था। सोज ने कहा था कि इलेक्शन अथॉरिटी के नियमों की उत्तर प्रदेश में धज्जियां उड़ाई गईं। बिना पोलिंग एजेंट के बक्सों को सील किया गया। सोज ने यह भी कहा कि कुछ अन्य राज्यों में भी नियमों का उल्लंघन हुआ है। सोज ने अपने पत्र में यह भी कहा कि नियमों के मुताबिक पोलिंग एजेंट को समरी सीट मिलनी चाहिए जो अथॉरिटी की तरफ से नहीं दी गई।

## वाइब्रेंट विलेज का देंगे दर्जा, चीन सीमा के 500 गांव फिर बसेंगे

# पीएम मोदी दिवाली के मौके पर माणा जाएंगे




**नई दिल्लीः** चीन से लगी लाइन ऑफ एक्शन कंट्रोल (एलएसी) को नागरिक प्रहरियों से चाक-चौबंद करने के लिए भारत सरकार और सेना बड़ा कदम उठाने जा रही है। देश की आंख-नाक-कान माने जाने वाले सरहदी इलाकों के गांवों को फिर से रहने लायक बनाने, वहां से पलायन रोकने और टूरिस्ट को सीमा के अंतिम छोर के गांव की सैर कराने के लिए 500 गांवों को फिर से आबाद करने का फैसला लिया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 21-22 अक्टूबर को बद्रीनाथ-केदारनाथ के दर्शन कर सकते हैं। इसी दौरान वे माणा में ग्रामीणों और जवानों से चर्चा कर सकते हैं। पीएम मोदी माणा जाकर उसे वाइब्रेंट विलेज का दर्जा देंगे। सूत्रों के अनुसार, चीन के साथ लगी विवादित सीमा के आसपास के ये गांव लद्दाख से लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश तक फैले हैं। भारतीय सेना और प्रशासन इन गांवों को संयुक्त रूप से विकसित करेंगे। भारतीय सेना इन गांवों के बाशिंदों का विशेष ख्याल तो रखेगी ही। गांववासियों को भी ऐसी तमाम सुविधाएं दी जाएंगी कि उन्हें फिर से गांव छोड़कर दूसरी जगह जाने को मजबूर न होना पड़े।

**गांव बसाकर दावा जताना चीन की पुरानी चालः** एलएसी के गांवों को लेकर यह पहल ऐसे समय की जा रही है जब चीन अपने इलाकों में कृत्रिम गांव बसाकर दावे मजबूत करने में जुटा है। ऐसे कुछ गांव अरुणाचल प्रदेश की एलएसी के पार बसाए जाने के सैटेलाइट फोटो सामने आते रहे हैं। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में दूसरे चरण का अभियान चलाया जाएगा। माणा गांव की ऊंचाई समुद्र तल से 18 हजार फुट ज्यादा है।

# एनडीए में फिर शामिल होंगे नीतीशः पीके

## मुख्यमंत्री लगातार भाजपा के संपर्क में हैं, कभी भी वापसी कर सकते हैं



**पटनाः चुनावी** रणनीतिकार रहे प्रशांत किशोर ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा, 'नीतीश भाजपा के संपर्क में हैं। वह कभी भी भाजपा के साथ जा सकते हैं। उन्होंने अभी दरवाजे बंद नहीं किए हैं।" इससे पहले भाजपा के साथ गठबंधन खत्म करने के बाद नीतीश ने कहा था कि वह अब भाजपा के साथ कभी नहीं जाएंगे। जनसुराज पदयात्रा के दौरान पश्चिम चंपारण के भेड़ीहरवा पंचायत में कहा कि सीएम भले इन दिनों राजद के साथ हैं, लेकिन वह कभी भी बीजेपी के साथ जा सकते हैं और वह लगातार बीजेपी के संपर्क में है। पीके ने वो कड़ी भी बताई जिसके जरिए नीतीश भाजपा के साथ जा सकते है। प्रशांत किशोर ने कहा कि 2015 में आपने वोट दिया। ये आदमी 2017 में आपको ठग कर भाग गया। आप नीतीश को मुझसे ज्यादा नहीं जानते होंगे।

**खबर संक्षेप**

## शंकरगढ़ पुलिस ने दो वारंटियों को दबोचा

**शंकरगढ़।** वांछितों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत शंकरगढ़ पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रेम कुमार यादव, कांस्टेबल अनीश कुमार द्वारा वाद संख्या 120/17 व मुकदमा अपराध संख्या 026/2016 के एससीएसटी एक्ट से संबंधित वारंटी पंकज सिंह पुत्र रणजीत सिंह (निवासी ग्राम पूरे गंगाछ, शंकरगढ़) और धर्मपाल सिंह पुत्र देवमन सिंह (निवासी उपरोक्त) को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष का कहना है कि गिरफ्तार वारंटियों को थाना शंकरगढ़ लाया गया, जहां नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी।

# बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत, मचा हड़कंप


घटनास्थल पर पुलिस व लोगों को लगी भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**सिरसा।** प्रयागराज यमुनापार मेजा क्षेत्र के ब्लाक उरुव ग्रामसभा लोहारी चौराहे पर ट्रक की चपेट मे आने से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। सुचना पर थाना प्रभारी मेजा धीरेन्द्र सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंचे और अगली कार्रवाई में जुट गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के लोहारी चौराहे पर गुरुवार को लगभग तीन बजे बगहा गांव निवासी बाइक सवार दीपक निषाद (25) पुत्र बब्बू राम निषाद व शैलेश निषाद (30) पुत्र राजा राम निषाद को अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। सुचना पर थाना प्रभारी मेजा मय फोर्स मौके पर पहुंचे और लिखापढ़ी कर अगली कार्रवाई में जुट गए। जानकारी के अनुसार दोनों युवक आज ही बाहर से आए थे और कहीं घूमने जा रहे थे कि अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। इस घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## प्राथमिक विद्यालय में लगे हैंडपंप में करंट उतरने से स्कूल के 3 बच्चे झुलसे

**करछना।** विकास खंड के अरई भस्मा ग्राम पंचायत में स्थित प्राथमिक विद्यालय में वृहस्पति वार को दोपहर लंच के बाद स्कूल के छात्रों ने स्कूल परिसर में लगे हैंडपंप पर पानी पीने गए जहां पहले से हैंडपंप में करंट प्रवाहित था जैसे ही बच्चे हैंडपंप चलाकर पानी पीने की कोशिश किया बिजली के करेंट के झटके से झुलस गए इस बात की जानकारी होने पर स्कूल में अफरा-तफरी का माहौल हो गया जिसमें कक्षा 1 का छात्र सत्यम गुप्ता पुत्र भोलानाथ, रमेश का लड़का कक्षा 1 का, चंद्रमा प्रसाद पटेल का लड़का कक्षा 1 में पढ़ते है तीनों बुरी तरह झुलस गए जिन्हें अभिभावकों और प्रधान द्वारा स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसमें सत्यम गुप्ता को करेंट से ज्यादा झुलस जाने से इलाज के दौरान देर शाम अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया और दो बच्चों को झटके लगे हैं, जिससे बड़ी घटना होने से बाल-बाल बच गए बच्चे बताया जाता है कि हैंडपंप में समरसेबल लगा हुआ है जिसमें केबिल का तार कटने से पूरे हैंडपंप में करंट दौड़ गया उसी दरमियान बच्चे एमबीएम लंच के बाद पानी पी रहे तभी घटना घटित हुई।

# सरायइनायत पुलिस ने लूट का किया खुलासा, रिवाल्वर बरामद

**अखंड भारत संदेश**

## पकड़े गए आरोपी नशे के लिए करते थे लूट 200 में बेच देते थे लूटा मोबाईल

**हनुमानगंज।** सरायइनाइट पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। जनपद में घूम घूम कर लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से एक लाइसेंसी रिवाल्वर, कारतूस, तमंचा व 15 लूट के मोबाइल भी बरामद हुए है।

सरायइनायत थाना प्रभारी सुशील दुबे ने थाना क्षेत्र में लूटी गई रिवाल्वर का गुरुवार को खुलासा करते हुए बताया कि स्थानीय पुलिस के साथ एसओजी जनपदीय, एसओजी गंगापार व सर्विलांस की टीम की संयुक्त कार्यवाही में हबूसा मोड़ निवासी अतुल सिंह पुत्र हरिभान सिंह व किशन भारतीया पुत्र अमर बहादुर को गिरफ्तार कर उसके पास से हफ्ते भर पहले उतरांव थाना क्षेत्र के भदवा निवासी चन्द्रभान सिंह अपनी पत्नी प्रीति सिंह के साथ बधावा मंदिर से लौटते वक्त जैन मंदिर से पास से पकडे गए दोनों लुटेरों ने प्रीति सिंह के हाथ से बैग छीनकर भाग गए थे। जिसमें लाइसेंसी रिवाल्वर के साथ मोबाइल व पैसे थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपी नशे के आदी है नशे के लिए क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम देते। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी सुशील दुबे, एसओजी जनपदीय प्रभारी राजेश उपाध्याय, एसओजी गंगापार प्रभारी इंद्र प्रताप सिंह, एसआई सुशील कुमार, एसआई अभिषेक सिंह, एसओजी सिपाही सिद्धार्थ राय, जितेंद्र कुमार, दीपक मिश्रा, रवि देव, विनोद कुमार आदि रहे।


लूट के खुलासे में पुलिस द्वारा बरामद लूट का सामान व गिरफ्त में अभियुक्त



## कायाकल्प कार्यक्रम का किया आयोजन

**नैनी।** प्रेरणा परमार्थ आश्रम ( चाका ब्लाक नैनी) अपने विभिन्न सेवा कार्यक्रमों के अंतर्गत कायाकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत 18 अक्टूबर से 20 अक्टूबर दिन तक सड़कों के किनारे दिमागी रूप से विक्षिप्त लोग जो मल एवं मूत्र से सने रहते हैं, जिनके बाल बड़े -बड़े, गंदे होते हैं, जिनके नाखून बड़े बड़े एवं जो गंदे वस्त्र धारण किए हुए होते हैं ऐसे लोगों को कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत स्नान कराया जाता है, उनके बालों को एवं दाढ़ी को काटा जाता है उन्हें नया वस्त्र दिया जाता है उन्हें भोजन उपलब्ध कराया जाता है उन्हें चिकित्सा की सुविधा प्रदान की जाती है उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का एक प्रयास किया जाता है. इस तीन दिवसीय सेवा कार्यक्रम में 90 लोगों का कायाकल्प किया गया है इस सेवा कार्य में श्रद्धेय भैया जी के मार्गदर्शन में आश्रम के सदस्य श्री गौरव जी, श्री विशाल जी ,श्री राहुल जी ,श्री मनीष जी, श्री भानु जी, श्री जैनेंद्र जी, श्री राजेंद्र प्रसाद जी ,श्री राजीव जी, श्री अभिषेक जी, श्री पुष्पराज जी, श्री विपिन जी ,आदि सदस्यों ने पूर्ण रुप से सहयोग प्रदान किया कायाकल्प सेवा कार्य विगत 7 वर्षों से आश्रम के द्वारा संचालित हो रहा है जिसके अंतर्गत अब तक 2000 विक्षिप्त लोग लाभान्वित हुए हैं. उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी श्री जैनेंद्र जी ने दी है।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर मार पीट के दौरान कई को चोटें आयी है। पुलिस ने दोनों मामलों में सात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चन्द्रावट निवासी अमर सिंह पुत्र स्वर्गीय जीतलाल का आरोप है कि वह अपना मकान बना रहा था तभी उसके विपक्षी आ कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। उधर ग्राम थम्मन का पूरा निवासनीय रंजना देवी पत्नी रुध्र पसाद का आरोप है कि उनके विपक्षी उनकी जमीन में खिडकी लगा रहे थे। मना करने पर घर में घुस कर मारे पीटे और जान से मारने की धमकी दिए। रंजना देवी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर आशुतोष द्विवेदी, भागवत ,बबिता ,विद्यावती, सुशीला देवी आदि के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## बृहद रोजगार मेला : 1180अभ्यर्थियों का चयन हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** में वृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया । मुख्य अतिथि सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, विशिष्ट अतिथि विधायक श्रीपीयूष रंजन निषाद, शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, प्रयागराज के मुख्य विकास अधिकारी विशिष्ट अतिथि श्री सीपू गिरी मंच पर उपस्थित थे । बृहद रोजगार मेले में लगभग 36 कंपनियों ने प्रतिभाग किया मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया । जिसमें प्रयागराज सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी, शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, करछना विधायक पियुष रंजन निषाद, प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा, पूर्व विधायक कलेक्टर पांडे., ज्वाइन डायरेक्टर मुकेश कुमार यादव, नोडल प्रधानाचार्य एसके श्रीवास्तव, निधि सिंह एमआईएस मैनेजर ,वर्ल्ड बैंक प्रधानाचार्य सुरेश कुमार, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि अनुज कुमार पांडे, नंदकिशोर, पार्षद दीपू जयसवाल द्वारा अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित किया गया । इसमें लगभग 2500 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया जिसमें 1180 अभ्यर्थियों का चयन किया गया डॉ रीता बहुगुणा जोशी, शिक्षक विधायक सुरेश कुमार त्रिपाठी, करछना विधायक पियुष रंजन निषाद, और प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा के द्वारा टैबलेट और नियुक्ति पत्र, प्रशस्ति पत्र बांटा गया । इसमें मुख्य रूप से प मोहम्मद आरिफ कुरेशी प्रभारी प्लेसमेंट अजय कुमार, अमृत लाल गुप्ता, कर्मचारी अध्यक्ष नंदकिशोर बिंद, मंत्री भोलानाथ, कोषाध्यक्ष शहजाद अहमद खान, सुरक्षा प्रभारी मोहम्मद मुस्तफिज सिद्धकी, सहायक सुरक्षा प्रभारी विनोद कुशवाहा,अमरेश साहू, डीसी के के मिश्रा, नगीना सिंह, रामप्रीत, सुंदका प्रसाद, राम समुझ, उमाशंकर, राकेश शर्मा, आशीष मिश्रा, गंगासागर, सिद्धार्थ, बी एन शुक्ला, रंजना शुक्ला, सुशीला, रश्मि, प्रियंका, विपिन विश्वकर्मा,बृजेश सिंह, संजीव जायसवाल, आलोक शर्मा, अश्वनी कुमार, अभिषेक रंजन, मनीष मिश्रा, अनीता, मांडा से मिश्रीलाल, रामबाबू, प्रदीप भूषणपंडित, भाई लाल, आलोक कुमार शर्मा, विकास यादव, अरुण प्रताप सिंह, महेंद्र प्रताप , पावन अनुज कुमार, हेमंत ,सूर्यमणि, संजय दुबे, इत्यादि के अलावा कौशल विकास, सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान नैनी प्रयागराज के सभी कर्मचारी उपस्थित थे मेले का समापन नोडल प्रधानाचार्य एस के श्रीवास्तव ने किया।




## न्यूज झरोखा...

### भाई बहन एक साथ यू पी पीसीएस परीक्षा में चयनित




**नैनी।** माधव ज्ञान केंद्र इंटरमीडिएट कॉलेज के पूर्व छात्र विवेक सिंह, जिन्होंने विद्यालय से हाई स्कूल की परीक्षा उत्तीर्ण की थी ,एवं बहन संध्या सिंह जिन्होंने 2018 में विद्यालय से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की थी ,आप दोनों ने प्राथमिक से लेकर इंटरमीडिएट तक का शिक्षण विद्यालय से ग्रहण किया क आप दोनों ने यू पी पी सी एस 2021 में क्रमश 8 एवं 12 वीं रैंक अर्जित कर विद्यालय, परिवार एवं शहर का नाम रोशन किया क आप आप दोनों की इस सफलता पर पूरा विद्यालय परिवार अपनी शुभकामनाएं देता है ,और आप जीवन में प्रगति के पथ पर इसी प्रकार आगे बढ़े कआप तेंदुआ खुर्द ग्राम व मेजा पोस्ट के निवासी हैं ,नैनी में पूराफतेह मोहम्मद अंबेडकरनगर नैनी प्रयागराज में आप भाई बहन रहकर माधव ज्ञान केंद्र से अपनी शिक्षा ग्रहण की कआपके पिता एक साधारण किसान व माता जी स्वयं के विद्यालय में प्रधानाचार्य की भूमिका का निर्वाहन सफलतापूर्वक कर रही है ,विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर विंध्यवासिनी प्रसाद त्रिपाठी ने आप सब परिवार को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की क

### सैफई पहुंच सपा नेता ने मुलायम को दी श्रद्धांजलि



**शंकरगढ़।** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री रहे मुलायम सिंह यादव अपने समर्थकों और चाहने वालों के बीच कितने लोकप्रिय थे, इसका अंदाजा उनके निधन के बाद से ही लगने लगा था। इस दौरान कानपुर में एक समर्थक ने सुसाइड कर लिया तो एक नन्हा समर्थक श्रद्धासुमन अर्पित करने के लिए पैदल ही सैफई के लिए निकल पड़ा। मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद से ही सैफई में श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा हुआ है। इसी क्रम में प्रयागराज के शंकरगढ़ से सपा के युवा नेता सुशील पांडेय व रानी पांडेय ने सैफई पहुंचकर धरतीपुत्र नेताजी को श्रद्धासुमन अर्पित किया। नगर पंचायत शंकरगढ़ के वार्ड तीन व बारा विधासनभा की सपा महिला सभा अध्यक्ष रानी पांडेय ने सैफई में समाधि स्थल पर अपने नेता मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सपाइयों का प्रतिनिधि मंडल सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी व पूर्व सांसद डिंपल यादव से भी मिला। श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों में तमाम सपाई मौजूद रहे।

## प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात करें : इंजीनियर घनश्याम पांडेय



**प्रतापपुर।** जय बजरंग रामलीला कमेटी उग्रसेनपुर की रामलीला का मंचन देखने पूर्व प्रत्याशी प्रतापपुर विधानसभा इंजीनियर घनश्याम पांडेय पंडाल में पहुंचे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के युवा प्रभु श्रीराम के आदर्शों को आत्मसात कर लें तो सारी समस्या का हल हो जाए पुनः देश में रामराज्य स्थापित हो जाएगा।उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम कण-कण में हैं वे हर हृदय में विद्यमान हैं राम के बिना न तो किसी का कल्याण संभव है और न ही मोक्ष की प्राप्ति होगी। मानव को अहंकार का त्याग करना चाहिए अगर इंसान में अहंकार हो तो भक्ति का दर्शन नहीं होगा। दूसरे को सही रास्ता दिखाने वाला ज्यादा सुखी होता है। उन्होंने छोटा बनने, विनम्र होने व सहनशील बनने की सीख लोगों को दी।भगवान श्रीराम ने लंका के राजा और महान विद्वान रावण का वध किया था। भगवान विष्णु के सातवें अवतार माने जाने वाले भगवान श्रीराम को आदर्श पुरुष माना जाता है मयार्दा पुरुषोत्तम राम को एक श्रेष्ठ राजा माना जाता है। एक आदर्श बेटे, शिष्य, भाई, पति, राजा के तौर पर युगों युगों तक उनका नाम स्मरणीय है। पूरा जीवन श्रीराम सत्य, धर्म, दया और मयार्दा के पथ पर चले। इसी कारण उन्हें राज को 'राम राज' कहा गया। राम महज एक नाम नहीं, बल्कि आदर्श पुरुष का तमगा बन गया। इस युग में लोग उम्मीद करते हैं, कि 'बेटा हो तो राम जैसा', राजा हो तो राम जैसा', चरित्र हो तो राम जैसा'। ऐसे में अगर आप भी चाहते हैं कि आपका बेटा राम जैसा हो तो बच्चे को प्रभु श्रीराम के गुणों के बारे में बताएं।इस अवसर पर संतोष सिंह, डिम्पी पांडेय विकास यादव, पिंटू मिश्र प्रधान पतवां, बाबा तिवारी राजीवलोचन मिश्र, विकास यादव बीडीसी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## मेघनाथ और अहिरावण का वध का किया गया मंचन



**सिरसा।** यमुनापार मेजा क्षेत्र के उरूवा ब्लाक में ग्रामसभा बरी में श्री संकट मोचन रामलीला कमेटी के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला का मंचन बहुत कुशल और अनुभवी कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। रामलीला कलाकारों के द्वारा मेघनाथ और अहिरावण बध का मंचन किया गया। दर्शक श्रीराम की वानर सेना और रावण की सेना के मध्य घनघोर युद्ध का मंचन दर्शक मंत्रमुग्ध होकर देखते रहे। शक्ति बाण लगने के बाद ठीक होकर लक्ष्मण और मेघनाथ के मध्य भीषण युद्ध होता हैं। मेघनाथ की मृत की सूचना पाकर उसकी पत्नी सुलोचना वियोग में प्राण त्याग देती हैं। मेघनाथ बध के बाद रावण युद्ध मे अहिरावण को भेजता हैं। अहिरावण राम और लक्ष्मण को माया से पताल भैरवी की बलि देने के लिए ले जाता हैं। अहिरावण का पीछा करते हुए हनुमान जी पाताल में जाकर अहिरावण का बध कर देते हैं। अहिरावण बध के बाद रावण अपने पुत्र नारान्तक को युद्ध मे भेजता हैं। युद्ध के मैदान में नारान्तक का भी अंत हो जाता है। रामलीला का मैदान दर्शकों से पूरी तरह पटा रहा।

## असवां : रामलीला में सीता स्वयंवर, धनुष यज्ञ का मंचन



**जंघई।** आदर्श राम लीला समिति असवां तिवरान में आयोजित रामलीला मंचन में सीता स्वयंवर धनुष यज्ञ का मंचन किया गया। स्वयंवर में देश-विदेश के राजा शामिल हुए सभी ने शिवजी के धनुष को उठाने की कोशिश की, लेकिन उठाना तो दूर हिला तक न सके। बेटी सीता का विवाह न होता देख राजा जनक परेशान होकर गुस्से में आकर उन्होंने कहा कि मुझे नहीं मालूम था पृथ्वी वीरों से खाली हो चुकी है। कठोर वचनों से अपमान महसूस कर लक्ष्मण खड़े हुए और कुछ बोलने को हुए तो भगवान राम ने जनक को पिता का स्थान देकर शांत होकर बैठने को कहा।वहीं गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने पलक झपकते धनुष को उठा लिया और प्रत्यंचा खींचते ही तेज गर्जना के साथ धनुष टूट गया धनुष टूटने के बाद सीता ने उनके गले में वरमाला डाल दी चारों ओर से फूलों की वर्षा होने लगी।इस अवसर पर पंडित उमेश शुक्ला, सुभाष चंद्र मिश्र, चंद्रमणि तिवारी, प्रवीण तिवारी, रविंद्र तिवारी, विकास कुमार शुक्ला, रामकृष्ण तिवारी, सूरज तिवारी, विकास तिवारी, शिवम तिवारी, आशीष तिवारी, राहुल तिवारी, हरिओम पांडेय, आकाश तिवारी, अभिषेक तिवारी चंचल मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# दिनदहाड़े हत्याकांड में दूसरे दिन हुआ पोस्टमार्टम, दाह संस्कार

**फालोअप :** भाजपा नेता के चचेरे भाई की होटल में हत्या का मामला,नामजद पुलिस की गिरफ्त में, होटल में घटनास्थल पर मौजूद एक छात्रा को भी पुलिस की तलाश जारी

**अखंड भारत संदेश**

**कोरांव।** नगर पंचायत कोरांव में एक कैफे हाउस में गत दिवस दिन के बारह बजे हुई उत्तम दुबे बीस वर्ष की निर्मम हत्या कांड में कई खुलासे सामने आए हैं। पुलिस के काफी प्रयास के बावजूद मृतक के परिजन पुलिस को घटनास्थल से लाश नहीं उठने दिए। और दूसरे दिन बीस अक्तूबर को लाश आठ बजे करीब पोमा में भेजा गया और दारागंज प्रयागराज में दाह संस्कार कर दिया गया। कोराव पुलिस ने एसपी जमुनापार के निर्देशन में सीओ मेजा के नेतृत्व में एसओजी टीम भी कोरांव पुलिस का सहयोग करती नजर आ रही है। थाना प्रभारी कोरांव धीरेंद्र सिंह ने अभियुक्तों की गिरफ्तारी में पूरी ताकत झोंक दी है। इस मामले में होटल संचालिका मीना सिंह उसका पति तथा बेटा आयुष सिंह, एवं मनीष सिंह पुत्र जंगबहादुर सिंह छड़गणा और रेस्टोरेंट संचालिका के सहयोगी श्याम चेरिटेबुल अस्पताल कोरांव के निदेशक डाक्टर दिनेश जायसवाल पुत्र स्वर्गीय श्याम लाल जायसवाल कोरांव को मृतक के पिता ने नामजद तहरीर हत्या की दे दी है। पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है। घटना में करीब चार पांच और हत्यारों को तफ्शीस में लिया गया है। जिसमें कुछ उठा लिए गए हैं। घटना में मृतक के परिजन हत्यारों की गिरफ्तारी पर अडिग हैं। इसी कारण दूसरे दिन लाश पोस्ट मार्टम में जाने के लिए पुलिस को सौंपा। और पोस्टमार्टम के ही ततपसचात लाश का दाह संस्कार किया गया। घटना को सुन कर भाजपा सहित अन्य दल के भी लोग शोक संवेदना व्यक्त की। मृतक उत्तम दुबे बीस वर्ष अविवाहित था। और बीए द्वितीय वर्ष का छात्र था। पिता रामबली दुवेदी का तीसरा पुत्र है। दो बहने हैं। एक बहन की शादी इसी साल होनी थी। उक्त घटना में गोपाल इंटर कालेज की एक पांडेय खानदान की छात्रा को भी कस्टडी में लिए जाने का प्रयास पुलिस देर रात तक करती रही।

जिससे होटल में उत्पन्न विवाद की तहकिकात हो सके।। फिलहाल उक्त घटना से मृतक के चचेरे भाई भाजपा नेता बबुआन दुवेदी और नेता बलराम दुबे आदि ने हत्यारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की मांग की है।

## गांव को साफ सुथरा रखने में नागरिक करें सहयोग : ग्राम प्रधान

**अखंड भारत संदेश**

**डेंगू आदि बीमारियां जान लेवा हो रहीं,ग्रामीण जन गंदगियों को दूर करने में पंचायत प्रशासन का सहयोग करें, गांव में बाहरी असमाजिक तत्वों और शराबियों के प्रवेश पर लगाई रोक**

**कोरांव।** ग्राम पंचायत को स्वाक्छ और संचारी रोगों से मुक्ति दिलाने में ग्रामीण नागरिक पंचायत प्रशासन का का सहयोग करें। उक्त बाते ग्राम प्रधान अलहवा ब्लॉक कोराव तथा अखिल भारतीय ग्राम प्रधान संगठन उत्तर प्रदेश प्रयागराज मंडल प्रयागराज के महा मंत्री अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने लोगों से गांवों में जन संपर्क के दौरान कही। ग्राम प्रधान ने कहा कि ग्रामीण जन गांवों की साफ सफाई में सहयोग प्रदान करें। क्योंकि संचारी रोग डेंगू आदि वायरल फीवर का प्रकोप जान लेवा होता जा हा है। उन्होंने कहा कि गांव के लोग खुले में शौच न जाएं,मार्गों गली मोहल्लों में कूड़ा करकट न एकत्रित होने दें। और न ही मार्गों पर मवेशी बांधे पटरियों को क्षति होने से बचाएं। अन्यथा सरकारी संपत्ति का नुकसान होगा। और गंदगी होगी,बीमारी बढ़ेगी। ग्राम प्रधान ने बताया कि मच्छरों से लोग बचें और बच्चों को भी बचाएं। समय से डाक्टर को दिखाएं। शहजादे प्रधान ने कहा कि ग्राम्य विकास जन सहयोग पर निर्भर है। जितना संभव हो पा रहा विकास कार्य जारी रखा गया है। उन्होंने कहा की कुछ असमाजिक तत्व गांवों के विकास कार्य में बाधाएं डालते हैं इनसे विधिवत निपटा जाएगा। कुछ तो जेल जाने की कंगार पर आ चुके हैं। ग्राम समाज की जमीनों पर अवैध कब्जे भी किए हैं और उल्टा प्रधान की बगावत भी कर रहे हैं उन्हे सबक सिखाया जाएगा। प्रधान ने कहा कि कोटेदार द्वारा गरीबों का राशन गबन किए जाने पर निलंबित कर दिया गया है। और एफआईआर भी दर्ज होगी जेल भी कोटेदार जायेगा। इसके पूर्व भी कोटेदार जेल गया था कोर्ट में केस चल रहा है। ग्राम प्रधान ने कहा कि गांव के कुछ अराजक तत्व द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दी गई और इलाके के काफी लोग एक वर्ग समुदाय के लाखों रुपया चंदा एकत्रित कर हत्या भी कराने एवं ग्राम प्रधान सहित दर्जनों लोगों का मकान ध्वस्त कराने की साजिश की गई जो नाकाम हो गई और उक्त मामले में कुछ राजस्व अधिकारी कर्मचारी भी सबक सीख लिए स्थांतरित किया गए। फर्जी शिकायत और फर्जी नाप जोख करने वाले राजस्व टीम के अफसर और कर्मी भी नपेगें। जिसकी शिकायत मुख्य मंत्री जी से की जायेगी। और मानसिक और आर्थिक रूप से दर्जनों लोगों को परेशान करने वाले अराजक तत्वों को दंडित कराया जायेगा। प्रधान के अनुसार अल्हवा गांव को पूर्व प्रधानों ने पंद्रह साल से काफी पीछे कर दिया गया है अब पटरी पर लाने का कार्य जारी है। गांव में कई कच्ची मार्गों का तथा कई प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य होने जा रहा है। ग्राम प्रधान संगठन के महा मंत्री ने कहा कि ग्राम पंचायतों को अधिकारी गण कुछ मनमाने ढंग से परेशान किया जा रहा है जिसे अब बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि गांव के कोटेदार के पुत्र ने कुछ इलाके के अराजक तत्वों से सांठ गांठ करके तरह तरह की धमकियां और हत्या का प्रयास कराया,जिसकी प्राथमिकियां संबंधित थानों में दर्ज कराई गई हैं।

### 36 शिक्षार्थियों को मिले टैबलेट छाई खुशी



**सहसों।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा 2020-21 निःशुल्क टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत रुरल प्राइवेट आईटीआई बगई कला प्रयागराज के प्रांगण में गुरुवार को प्रशिक्षार्थियों में निःशुल्क टेबलेट का वितरण किया गया जिसमें कुल 36 शिक्षार्थियों को निःशुल्क टैबलेट दिया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख सहसों गीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश की जनता के लिए विभिन्न योजनाओं को चलाकर लाभ पहुंचाया जा रहा है। जिसमें हमारे देश के भविष्य शिक्षार्थियों को भी निःशुल्क लैपटॉप, टैबलेट एवं स्मार्टफोन देकर बच्चों की आगे की शिक्षा के लिए नई ऊर्जा, नई किरण के साथ प्रदेश सरकार ने शिक्षार्थियों को शिक्षा में आगे बढ़ने का अवसर प्रदान कर रही है। निःशुल्क टैबलेट पाकर बच्चों में खुशी का माहौल हो गया। उपस्थित बच्चों द्वारा प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी की सराहना करते हुए भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रधानाचार्य हृदय नारायण, प्रमुख प्रतिनिधि शिव नारायण सिंह गप्पू , संजय सिंह, दिनेश प्रताप सिंह, अंबेडकर वर्मा सहित विद्यालय के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिविर लगाकर की गई निःशुल्क आंखों की जांच



**सहसों।** क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव में गुरुवार को श्रीराम सेवा समर्पण संस्थान द्वारा निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रीति आई केयर हॉस्पिटल के वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक द्वारा सिंगरामऊ, सहसों से आए हुए 250 रोगियों की आंखों की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाई तथा आए हुए अन्य रोगियों को परामर्श दिया गया। इस अवसर पर शिविर के आयोजक शशांक धर द्विवेदी, अजय शास्त्री सहित भारी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

### निर्धनों में वितरित किया जाएगा दीपोत्सव प्रसाद एवं दीपक

**जसरा।** आराध्या फाउंडेशन के पदाधिकारियों की कार्यवाही बैठक का आयोजन क्षेत्र के गौहनिया में फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. अस्मिता सिंह के अध्यक्षता में सम्पन्न किया गया जिसमें विभिन्न कार्यो की रुपरेखा बनाकर उसे पूरा करने के लिए धनराशि का आवंटन भी किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन की अध्यक्ष डा. अस्मिता सिंह नें जानकारी प्रदान करते हुए बोली कि इस माह के अंत में जसरा स्थित राजकीय बालिका इंटर कालेज में वाटर कूलर एवम सोरांव के गोहरी में स्थित सीता राम पटेल इंटर कालेज में आगामी 31अक्टूबर को 05किलोवाट का सोलर एवम विद्यालय के हित में लैपटॉप सहित निबंध प्रतियोगिता में अव्वल स्थान पाने वाले मेधावियों को साईकिल भेंट किया जाना सुनिश्चित किया गया। इसके साथ ही फाउंडेशन के तहत अन्य लोगों का भी विभिन्न परियोजनाओं को अक्टूबर के अंत में पूरा करने के लिए आम सहमति बनायी गयी। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता प्रोफेसर अस्मिता सिंह नें यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोली कि दीपोत्सव के पूर्व बारा, करछना एवम जसरा के विभिन्न विद्यालयो में निर्धन एवम मेधावियों को दीपावली का प्रसाद, मिट्टी के दीपक, पटाखे इत्यादि वस्तुओं का वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम में डा. उषा पटेल, डा. शाहिदा, डा. माधुरी समेत संस्था के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहें।

## खबर संक्षेप

### दीपावली तक सिविल लाइंस से नहीं उठेंगी गाड़ियां

**प्रयागराज।** सिविल लांइस क्षेत्र में पार्किंग की समस्या से ग्राहकों को निजात दिलाने के लिए व्यापार मंडल और मल्टीनेशनल पार्किंग के कॉन्ट्रैक्टर के बीच बैठक कर तय किया गया है कि दीपावली तक सड़कों के किनारे खड़ी गाड़ियों को नहीं उठाया जाएगा।अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं सिविल लाइंस उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त प्रयास से अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष नीरज जायसवाल की अध्यक्षता में मल्टीनेशनल पार्किंग के कॉन्ट्रैक्टर अंशुमान और अमित के बीच बैठक हुई। बैठक में आपसी समझौते से यह तय किया गया कि धनतेरस से लेकर दीपावली तक सिविल लाइंस सरदार पटेल मार्ग एवं महात्मा गांधी मार्ग पर खड़े चार पहिया एवं दो पहिया वाहन को किसी भी तरीके से उनके स्थान से नहीं हटाया जाएगा। नीरज जायसवाल का कहना है कि पार्किंग की समस्या छोड़कर शहरवासी सिविल लाइंस बाजार का रुख कर सकते हैं। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के कार्यवाहक जिला अध्यक्ष लालू मित्तल ने सभी व्यापारियों को सूचित करते हुए कहा कि दुकानों में धनतेरस और दीपावली के सामान रखिए। कहा, ग्राहकों की गाड़ियां नहीं उठाई जाएंगी। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी बिपिन गुप्ता, सिलाई उद्योग व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष जे एस विर्दी, आशुतोष।

# मोहन भागवत से मिले सीएम योगी, करीब एक घंटे तक हुई वार्ता

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सीएम योगी का हेलीकॉप्टर करीब 12:45 बजे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक स्थल गौहनिया में पहुंचा। इस संबंध में बताया गया कि जनसंख्या नियंत्रण नीति पर चर्चा हुई। अयोध्या में भव्य दीप उत्सव की तैयारी के संबंध में मोहन भागवत को औपचारिक रूप से सीएम योगी ने निमंत्रण दिया।सूत्रों ने बताया संघ प्रमुख मोहन भागवत और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बीच जनसंख्या नियंत्रण नीति पर विस्तार से चर्चा हुई। इसको रोकने के लिए कानून बनाने और इसे सख्ती से लागू करने पर वार्ता हुई। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की आगामी नीति मे संघ के इस एजेंडे की झलक देखी जा जा सकती है। बताया गया कि संघ प्रमुख मोहन भागवत और योगी आदित्यनाथ ने एक साथ दोपहर का भोजन भी किया। इस दौरान संघ के बड़े पदाधिकरियों के अलावा सह संघ कार्यवाह दत्तात्रेय होसबले भी मौजूद रहे।

सीएम योगी का हेलीकॉप्टर सीधे संघ के कार्यक्रम स्थल जयपुरिया स्कूल वात्सल्य परिसर गौहनिया पहुंचा। इस दौरान चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक ब्ंदोबस्त किया गया था। स्कूल से 500 मीटर दूर ही सबको रोक दिया गया था। आरएएफ और स्थानीय पुलिस की ड्यूटी लगाई गई थी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करने के लिए बृहस्पतिवार की दोपहर सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। यहां गोहनिया स्थित वात्सल्य परिसर में सीएम योगी आदित्यनाथ ने संघ प्रमुख मोहन भागवत का हालचाल लिया। सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, भाजपा संगठन मंत्री बीएल संतोष की मौजूदगी में उनकी विचार परिवार के मुखिया से तमाम मुद्दों पर वार्ता हुई। इस मुलाकात को शिष्टाचार मुलाकात के तौर पर पेश किया जा रहा है।सीएम योगी अपने तयशुदा कार्यक्रम के तहत दोपहर पौने एक बजे हेलीकॉप्टर से गोहनिया पहुंचे। यहां वात्सल्य परिसर स्कूल में बनाए गए हैलीपैड में उनका हेलीकॉप्टर उतरा। इस दौरान संघ प्रमुख ने सीएम का कुशल क्षेम जानने के साथ ही प्रदेश के हालात पर जानकारी ली। संघ सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले एवं अन्य प्रमुख पदाधिकारियों की मौजूदगी में 16 से 19 अक्तूबर तक हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री व संघ प्रमुख की मुलाकात के दौरान पूर्व सरकार्यवाह भैय्या जी जोशी, डॉ. कृष्ण गोपाल, रामलाल, क्षेत्र प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक रमेश सहित कुछ अन्य लोग भी मौजूद रहे। माना जा रहा है कि अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक में उठे जनसंख्या असंतुलन, मतांतरण, पर्यावरण, शिक्षा, आत्मनिर्भर भारत आदि विषयों को मुख्यमंत्री के समाने रखा गया। सरकार से आग्रह किया गया कि इन बिंदुओं पर ठोस नीति बनाए जाने की आवश्यकता है।संघ की ओर से निकट भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। यह भी बताया गया कि अगले माह नागपुर में संघ शिक्षा वर्ग का आयोजन है। इसें देश भर से 750 शिक्षार्थी शामिल होंगे। मुख्यमंत्री ने संघ प्रमुख एवं विचार परिवार के सदस्यों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। दिन में दो बजे के आसपास मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर गौहनिया से लखनऊ के लिए रवाना हुआ।

### जनसंख्या नियंत्रण नीति पर भी हुई चर्चा



### प्रयागराज में तीसरी बार भागवत से मिले योगी

मुख्यमंत्री रहते हुए योगी आदित्यनाथ की संघ प्रमुख मोहन भागवत से बृहस्पतिवार को प्रयागराज में तीसरी बार मुलाकात हुई है। इसके पूर्व 2019 में लगे कुंभ के दौरान भी मुख्यमंत्री रहते हुए योगी संघ परिवार के मुखिया से मिलने के लिए प्रयागराज में आए थे। तब झूंसी स्थित संघ के गंगा भवन कार्यालय में फरवरी 2019 में योगी भागवत से मुलाकात के लिए पहुंच थे। उसके बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नवंबर 2020 में हुई अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल पूर्वी उत्तर प्रदेश की बैठक में भी शिरकत करने के लिए आए मोहन भागवत से मिलने के लिए योगी गोहानिया पहुंचे थे। उस मुलाकात के बाद बृहस्पतिवार 20 अक्तूबर को एक बार फिर से सीएम योगी गोहनिया में विचार परिवार के मुखिया से मुलाकात करने को पहुंचे।

### योगी ने भागवत को अयोध्या आने का दिया आमंत्रण

प्रयागराज आगमन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने संघ प्रमुख मोहन भागवत को अयोध्या आने का भी आमंत्रण दिया। बताया जा रहा है कि वात्सल्य सभागार में हुई मुलाकात के दौरान योगी ने भागवत को एक आमंत्रण पत्र सौंपा। इसके साथ उन्हें कुछ दीये भी उन्होंने भेंट किए। संघ सूत्रों के अनुसार भागवत ने उनका आमंत्रण स्वीकार कर लिया है। चर्चा है कि मोहन भागवत दिवाली के मौके पर अयोध्या में होने वाले दीपदान कार्यक्रम में शिरकत कर सकते हैं।

## दो ट्रकों की टक्कर में एक ट्रक मालिक की मौत, खलासी गम्भीर रूप से घायल

**बारा।** बारा थाना क्षेत्र के बाघला-बाँध स्थित मनप्रीत अस्पताल के सामने आज सुबह दो ट्रकों की जोरदार टक्कर हो गई।जिसमें ट्रक (डीसीएम) नम्बर यू पी 74 टी 2916 के मालिक धीरज मिश्रा (29 वर्ष ) पुत्र शेषनारायण मिश्रा निवासी ग्राम भरुआ सुमेरपुर जनपद हमीरपुर की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उनका खलासी गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। बताया जाता है कि सड़क के किनारे एक टेलर खड़ा हुआ था और सुबह के समय डीसीएम चालक को झपकी आ गई जिससे डीसीएम अनियंत्रित होकर खड़े टेलर में जा भिड़ी। डीसीएम की स्पीड अधिक होने के कारण ड्राइवर का संतुलन बिगड़ गया और जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें डीसीएम चालक बाल-बाल बच गया। सूचना पर पहुंची बारा पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजवाया, साथ ही मृत गाड़ी मालिक के परिजनों को भी इस हादसे के बारे में सूचना दी गई। मृतक धीरज के परिजनों में हाहाकार मच गया और रोते बिलखते परिजन घटनास्थल की ओर चल पड़े हैं।

# क्लास में पढ़ाते हुए टीचर की मौत, छात्र सदमे में, विद्यालय दो दिनों के लिए बंद

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** सेंट जोसेफ कॉलेज में क्लास में बच्चों को पढ़ाते समय टीचर की मौत हो गई। इससे छात्र सदम में आ गए। घटना की सूचना से विद्यालय में हड़कंप मच गया। शोक में विद्यालय को दो दिन के लिए बंद कर दिया गया है।शहर के म्योराबाद इसाई कॉलोनी निवासी अल्फ्रेड सुमित कुमार कुजूर (32) सेंट जोसेफ कॉलेज (एसजेसी) में बतौर टीचर तैनात थे। वह इंटर के बच्चों को कॉमर्स पढ़ाते थे। बृहस्पतिवार को भी दोपहर में वह कक्षा 11 के बच्चों को पढ़ा रहे थे कि अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई, जब तक कुछ लोग समझ पाते क्लास में ही उनकी मौत हो गई। इससे छात्र सदमे में आ गए और चीख पुकार करने लगे। शोरगुल सुनकर दूसरी कक्षाओं के टीचर के साथ प्रिंसिपल मौके पर पहुंच गए। उन्हें पास के अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। विद्यालय प्रशासन के मुताबिक अल्फ्रेड सुमित कुमार कुजूर कुछ दिनों से डेंगू से पीड़ित थे। वह अपना उपचार करा रहे थे। गुरुवार को कुछ आराम होने पर वह विद्यालय में पढ़ाने के लिए पहुंच गए और यह घटना हो गई। शोक में विद्यालय को दो दिनों के लिए बंद कर दिया गया है।

## नरसिंह मिश्रा की डेंगू से हुई मौत



**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर में इस समय डेंगू के कहर से पूरा शहर परेशान है वही अमर उजाला प्रयागराज सरकुलेशन विभाग में कार्य कर रहे नरसिंह मिश्रा की भी मौत हो गई है । नरसिंह मिश्रा एक इमानदार कर्मचारियों में से गिने जाते थे । नरसिंह मिश्रा अमर उजाला से पहले दैनिक जागरण नई दुनिया हिंदुस्तान तथा अन्य कई अखबारों में भी काम कर चुके हैं । बता दे की नरसिंह मिश्रा की तबीयत दो-तीन दिन पहले ही खराब हुई थी और जांच में डेंगू की पुष्टि होने पर तत्काल डॉक्टर की सलाह पर दवा लिए । बुधवार को नरसिंह मिश्रा की तबीयत अचानक ज्यादा खराब हो गई तो उनके कुछ साथी लखनऊ स्थित एक हॉस्पिटल में एडमिट करवाएं जहां पर इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, मौत की सूचना जैसे ही घर वालों को हुई तो घर में कोहराम मच गया । नरसिंह मिश्रा के दो छोटे छोटे बच्चे हैं जो शहर में ही रख कर पढ़ाई करते थे । इस घटना से शहर के प्रतिष्ठित अखबार में कार्य कर रहे कर्मचारियों में गहरा दुख पहुंचा है। नरसिंह मिश्रा की मृत्यु पर अखबार जगत के कर्मचारियों ने 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए प्रभु से प्रार्थना किए।

## डेंगू के डंक ने ली दो महिलाओं की जान

**हनुमानगंज।** सरकार के तमाम कवायद के बाद भी डेंगू का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। क्षेत्र में गुरुवार को दो महिलाओं की डेंगू से मौत का मामला प्रकाश में आया है। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोटवा बनी में डेंगू एंटीजन के 11 जांच में 7 लोग पॉजीटिव पाए गए। अंदावा निवासी हरिनारायण सिंह की 62 वर्षीय पत्नी देवरती सिंह की डेंगू की चपेट में आने से बुधवार की रात मौत हो गई। बताया जाता है कि पेट में दर्द होने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों के अनुसार उसे बुखार नहीं था फिर भी डेंगू पाजिटिव पाया गया। प्लेटलेस बहुत कम होने से बुधवार की रात उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार सरायलाहुरपुर निवासी फूलचंद्र सिंह की 24 वर्षीय पुत्री रुची राजस्थान जयपुर अपने भाभी के यहां गई थी। परिजनों के अनुसार दो दिन पूर्व उसे तेज बुखार हुआ। उसे वहां पर एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्लेटलेस कम होने से बुधवार रात उसने भी दम तोड़ दिया।

# सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल में दिया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश



**मेजा।** दीपावली के अवसर पर सेंट पीटर्स को-एजुकेशनल इंग्लिश मीडियम स्कूल, जनवार मेजारोड में छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए दिया मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्रों की रचनात्मकता को बढ़ाने के लिए। कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अंकिता खेरा ने दीया के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि एक दीया की लौ लगातार ऊपर की ओर जल रही है, जिसका लक्ष्य उन चीजों को सीखना है जो हमें महान आदर्शों की ओर ले जाएंगी। एक दीया अज्ञान पर ज्ञान और बुराई पर सदाचार की जीत का प्रतीक है। यह अच्छाई और आशावाद का प्रसार करता है। यह मानते हुए कि वे हमारे जीवन में सफलता और धन लाते हैं, घरों के सामने दीये जलाए जाते हैं। इसके अलावा प्रबंधक अभिषेक खेरा ने दिवाली के त्योहार पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दीपावली के रूप में जाना जाने वाला रोशनी का त्योहार पूरे देश में व्यापक रूप से मनाया जाता है। यह त्योहार कई तरह की परंपराओं और रीति-रिवाजों से ओत-प्रोत है। इस पूरे त्यौहार में देवी लक्ष्मी की पूजा की जाती है। रोशनी के त्योहार के रूप में जाना जाने वाला यह त्योहार दीया और मोमबत्तियां जलाकर मनाया जाता है। घरों को भी रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया जाता है और देवी लक्ष्मी के स्वागत के लिए रंगोली बनाई जाती है। संगीता सिंह, जगदीश सिंह, बबीता शर्मा, रूबी पांडे, हेमंत कुमार के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिता हुई। आरुषि पटेल, जीविका तिवारी, आंचल निषाद, अव्यक्त खेड़ा, देवेश मिश्रा जैसे कई छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

## डेंगू मरीज को प्लेटलेट्स की जगह चढ़ा दिया मुसम्मी का जूस, मरीज की मौत पर डिप्टी सीएम सख्त

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** ग्लोबल हास्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में फर्जी प्लेटलेट चढ़ाने से हुई मरीज की मौत से हड़कंप मच गया है। एक तरफ जहां मृतक के परिजनों का आरोप है कि प्लेटलेट के नाम पर मौसम्मी का जूस चढ़ाने से मरीज की मौत हुई है तो वहीं दूसरी तरफ अस्पताल प्रशासन का कहना कि कि मरीज को 16 अक्टूबर को ही अस्पताल से रेफर कर दिया गया था। ऐसे में रेफर करने के दो दिन बाद मरीज की मौत हुई है। फिर उन्हें इस मामले में दोषी क्यों ठहराया जा रहा है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने इस मामले में कड़ा रुख अख्तियार किया है। फिलहाल मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. नानक सरन के आदेश पर अस्पताल को सील कर दिया गया है। बमरौली निवासी प्रदीप पांडे को डेंगू संक्रमित के कारण 14 अक्टूबर को पीपल गांव के ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर में भर्ती किया गया था। वहीं 16 अक्टूबर को उनका प्लेटलेट 17 हजार पहुंचने पर अस्पताल प्रशासन द्वारा पांच यूनिट प्लेटलेट लाने को कहा गया। जिसके बाद परिजनों ने 5 यूनिट प्लेटलेट का प्रबंध देर रात तक कर दिया। वहीं तीन यूनिट प्लेटलेट चढ़ाने के बाद मरीज की हालत बिगड़ने लगी। जिसके कारण 17 अक्टूबर की सुबह मरीज को आदित्य हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया गया। जहां 19 अक्टूर को प्रदीप पांडेय की मौत गई। वहीं बहनोई की मौत के बाद सोहबतियाबाग के रहने वाले सौरभ त्रिपाठी ने जार्जटाउन में इस मामले की शिकायत की। उनका कहना था कि जब प्लेटलेट मांगा गया तो अस्पताल के ही कुछ लोगों ने उन्हें पांच हजार प्रति यूनिट के हिसाब से प्लेटलेट दिया। उन्होंने शेष बचे दो यूनिट प्लेटलेट की जांच की मांग उठाई। वहीं सीएमओ के आदेश पर प्लेटलेट ड्रग विभाग की लैब जांच के लिए भेज दिया गया है। इसके अलावा गठित की गई तीन सदस्यीय टीम ने इस मामले में अस्पताल प्रशासन की भूमिका संदिग्ध पाते हुए उसे सील कर दिया है।

## नेहरू युवा केंद्र द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन संपन्न

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज द्वारा आयोजित जिला स्तरीय युवा उत्सव 2022 का आयोजन जिला पंचायत परिसर सभागार में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि दिनेश उपाध्याय,प्रदेश उपाध्यक्ष द्वारा दीप प्रज्वलन करके किया गया। केंद्र की जिला युवा अधिकारी जागृति पाण्डेय द्वारा सभी अतिथियों एवं निर्णायक मंडल सदस्यों का स्वागत करते केंद्र की गतिविधियों व जिला युवा उत्सव 2022 के कार्यक्रम की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की थीम राष्ट्रीय एकता एवं एकजुटता रही। मुख्य अतिथियों का स्वागत गान सुश्री समीक्षा द्वारा मनमोहक ढंग से किया गया। कार्यक्रम में कुल 6 गतिविधियां युवा भाषण , युवा संवाद, युवा कलाकृति - पेंटिंग, मोबाइल फोटोग्राफी प्रतियोगिता, काव्य लेखन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। निर्णायक मंडली सदस्यों डॉक्टर मंजू सिंह, चित्रा पांडेय, वंदना पांडेय, श्री कमलेश दुबे, मानस सांकृत्यायन, ओम प्रकाश मिश्र, चंद्रमणि मिश्र, महेश द्विवेदी, रमाशंकर शुक्ला, राजेंद्र त्रिपाठी, डा ० संगीता, डा ० अनुभा श्रीवास्तव, प्रो ० संतोष , शरद मालवीय ने अलग अलग विधाओं पर अंक प्रदान करते हुए विजेता घोषित किए। समापन समारोह में प्रयागराज की सांसद प्रोफेसर रीता




बहुगुणा जोशी जी ने सभी प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाते हुए विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये तथा स्वागत गान की समीक्षा की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए आशीर्वचन दिए।कविता पाठ व लेखन में प्रथम प्रयांशु उपाध्याय, द्वितीय निर्मल पांडेय व तृतीय आंचल व चित्र कला प्रतियोगिता में प्रथम खुशबू, द्वितीय श्रद्धा व तृतीय शालिनी ने स्थान प्राप्त किए । इसी प्रकार मोबाइल फोटोग्राफी में प्रथम आशुतोष, द्वितीय हिमांशु व तृतीय आशीष रहे, जिन्हें प्रथम पुरस्कार 1000/-द्तीय 750/-तथा तृतीय पुरस्कार मे 500/-रुपए, एक एक दीवार घड़ी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कोराओं के प्रशांत त्रिपाठी, द्वितीय स्थान बहरिया की स्मिता कुशवाहा तथा तृतीय स्थान प्रिया मिश्रा को मिला , जिन्हें क्रमशः 5000, 2000 तथा 1000 रुपए, एक एक दीवार घड़ी व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम विजेता विशाल जैन और टीम, द्वितीय समीक्षा की टीम व तृतीय स्पियरहेड टीम यशी की टीम रही, जिन्हे क्रमशः 5000, 2500, 1250 व रुपए व पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण बिंदु रहे युवा संवाद भारत 2047 में उत्कृष्ट 4 युवाओं क्रमशः नंदिनी, पीयूष, तुषार, आकांक्षा का चयन किया जिसमें सभी को 1500, एक एक दीवार घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के सम्पूर्ण प्रबंधन में केंद्र के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक अदनान खान का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन चंद्रमणि मिश्र ने किया, मंच व्यवस्था में गुलाब शुक्ला एवं राम अवध कुशवाहा ने भूमिका अदा की। स्वयं सेवकों अमन, रितिका, निर्मल, गुड़िया, हिमांशु, कुलदीप, बल्लभ, रोशनी, अंजू, ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

# रिटायर प्रोफेसर की बाथरूम में गिरकर मौत

**प्रयागराज।** कैंट के एकांकी कुंज अपार्टमेंट में रहने वाले कुलभाष्कर आश्रम डिग्री कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रोफेसर हरीश कुमार (88) की घर के बाथरूम में गिरकर मौत हो गई। प्रोफेसर हरीश घर में अकेले रहते थे। पुलिस का कहना है कि बुजुर्ग की मौत बीमारी से हुई है।प्रोफेसर हरीश कुमार की पत्नी जीजीआईसी में शिक्षिका थीं। उनकी भी मौत हो चुकी है। उनके एक बेटे की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरा बेटा गगन लखनऊ के एक अस्पताल में प्रबंधक है। कैंट क्षेत्र की रहने वाली रुकमणी उनके घर में काम करती है। वह बुधवार की रात खाना बनाने पहुंची तो प्रोफेसर कमरे में नहीं थे। तलाश करने पर वह बाथरूम में गिरे पड़े मिले। पड़ोसियों को सूचित करने के बाद डॉक्टर को बुलाया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची कैंट थाने की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रोफेसर के बेटे का कहना है कि कई बार उन्हें लखनऊ ले जाया गया, लेकिन वह लौट आते थे। वह प्रयागराज छोड़ना नहीं चाहते थे।


## कार्यालय, जिला प्रोबेशन अधिकारी, कौशाम्बी।

### "बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं" योजना

बेटी बचाओं व बेटी पढ़ाओं भारत के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने ऐतिहासिक बेटी बचाओं व बेटी पढ़ाओं योजना की घोषणा 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत में की थी। बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं एक ऐसी योजना है। जिसका उद्देश्य लड़कियों की सुरक्षा और उनको समाज में सही स्थान देने की पहल है। इस योजना के अर्न्तगत लोगों की मानसिकता बदलने की कोशिश की जा रही है इसका मुख्य कारण लड़कियों को माँ बाप बोझ समझते है और उनकी भ्रूण हत्या करवा देते है। जो कि समाज की खराब सोच, और मानवता की दयनीय स्थिति को दिखाता है। भारत में हुई जनगणना के अनुसार 2001 में 1000 लड़कों में 927 लड़कियां थी। और यह आंकड़ा 2011 तक सिर्फ 918 हो गया। एक तरफ लोगों की सोच आधुनिक होती जा रही है। लेकिन इस आधुनिक सोच की वजह से लड़कियों के प्रति अपराध भी तेजी से बढ़ रहे है। जिस प्रकार लड़कियों की संख्या हर वर्ष तेजी से गिर रही है इससे ऐसा लगता है कि एक दिन देश में लड़कियों की संख्या न के बराबर हो जायेगी। इसलिये इस दिशा में आगे सोचने की आवश्यकता है इसी के अर्न्तगत यह बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं की स्कीम को मा0 प्रधानमंत्री जी ने शुरू की है।

**बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना क्या है एवं उद्देश्य क्या है:-**

- बेटियों को समाज में एक स्थान देना।
- बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना।
- कन्या भ्रूण हत्या को रोकना।
- बेटियों को अच्छी शिक्षा देना।

बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं योजना न केवल बेटियों को जन्म से पहले ही मार देने के अपराध भ्रूण हत्या को रोकना है बल्कि बेटियों की सुरक्षा और उनके भविष्य को सुरक्षित करना भी है। आज कल दिन-प्रतिदिन लड़कियों के प्रति बहुत घिनौने अपराध जैसे छेड़छाड बलात्कार, घरेलू हिंसा बहुत तेजी से बढ़ रहे है। इसलिये इसको रोकने के लिये यह प्रयास किया जा रहा है। इससे अपराध को नियंत्रित करने में काफी योगदान होगा।

**बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं के अर्न्तगत दी जाने सुविधायें:-**

1.बेटियों की पढाई के लिये आर्थिक सहायता ।
2.यह आर्थिक सहायता जब तक लड़की की पढ़ाई पूरी न हो तब तक दी जायेगी।
3.लड़कियों की शादी के लिये भी इस योजना में आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है।
4.इस स्कीम के द्वारा सबसे ज्यादा फायदा लड़कियों की भ्रूण हत्या कम करने में होगी।
5.साथ ही लड़के एवं लड़कियों के बीच का भेदभाव कम करने में योगदान होगा।

(राजनाथ राम)
जिला प्रोबेशन अधिकारी,
कौशाम्बी।

पत्रांक/606 /जि0 प्रो0/2022-23 दिनांक: 20.10.2022


# सरकारी जमीन भूमिहीनो में आबंटित किये जाने को लेकर बारा तहसील में हुआ जमकर प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**बारा।** एक ओर जहां पूर्वांचल दलित अधिकार मंच (पदम) के तत्वावधान में यमुनापार के दर्जनों गांवों के भूमिहीनो ने तहसील बारा के प्रांगण में पदम के संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज के नेतृत्व में अपनी बारह सूत्रीय मांगों को लेकर जमकर प्रदर्शन किया और मांग किया कि देश मे छुआछूत मानना देशद्रोह है और संविधान के अनुच्छेद-17 का उल्लंघन है। जातिवाद, आतंकवाद है, जातिबन्दी कानून अविलम्ब बनाओ। जाति उत्पीड़क को आतंकवादी घोषित करो। एससी, एसटी एक्ट को बेसिक स्ट्रक्चर का पार्ट बनाओ। जातिसूचक उपनाम लगाना अपराध घोषित करो। एससी, एसटी एक्ट को बेसिक शिक्षा में शामिल करो। अंतर्विवाह पर कर छूट का कानून अविलम्ब बनाओ। भारत की अस्पृश्यता, जाति व जातिवाद को शतप्रतिशत समाप्त करो। हिन्दू राष्ट्र के संविधान का प्रारूप तैयार करने वालों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करो। अंधविश्वास, पाखण्ड, कर्मकाण्ड को बढ़ावा देने वाली संस्थानों के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करो। जमीन और उद्योगों का राष्ट्रीयकरण करो। ग्रामसमाज की जमीन भूमाफियाओं से मुक्त कराकर भूमिहीनो में अबिलम्ब आवंटित करो जैसे मांग विषयक को लेकर लोकतांत्रिक ढंग से धरना प्रदर्शन कर बारह सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार बारा रविकांत द्विवेदी को सौंपा गया तो वही दूसरी ओर महिषासुर जो हमारे देश के महान सम्राटों में से एक थे और भारत के मूल द्रविड़ सम्राट के साथ साथ बहुजन समाज के नायक थे जिन्हें छल कपट से दुर्गा द्वारा मरवा दिया गया साथ ही साथ दस पीढ़ियों तक शासन करने वाले बौद्ध सम्राट बृहद्रथ को भी छल कपट से मनुवादी पुष्यमित्र शुंग द्वारा मारने एवं जलाने वाली परम्परा जिसका



दशहरा पर रावण आदि का पुतला जलाना पूरे राष्ट्र तथा भारत के मूलनिवासी मौर्य सम्राटों का अपमान है जो बर्दास्त से बाहर है। पुतला फूंकना ठीक नही है और न ही संवैधानिक है। पदम देश में जातिवादी सोच मिटाकर, समतामूलक समाज का निर्माण करने का काम करता है। जातिवाद, भेदभाव छुआछूत मुक्त भारत का निर्माण की इस साझी लड़ाई को प्रयागराज की सामाजिक, सांस्कृतिक व अधिकारी, कर्मचारी संगठन व संस्थाएं महिलाओं के नेतृत्व में एक अभियान के रूप में गांव गांव जाकर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। इस प्रदर्शन में राजाराम, अमरजीत, विद्याकान्त, शिवपूजन, राजकुमार, रंजीत कुमार, अविनाश, अनिल कुमार, रामसजीवन, रामबहादुर, रामविलास, बजरंगी, रामनिरंजन, कुबई, रामकरन, संतलाल, शंकरलाल, बद्री प्रसाद, देवराज, नन्हकू, नबूलाल, जगदीश, सीता, कुसुम, नियुरानी, विमला, गेंदाकली, राजकली, संगीता, विजय कुमारी, कलावती, गुड्डी, चंद्रावती, गीता, उर्मिला, पुष्पा, राजकुमारी, रूपा के साथ हजारों लोग उपस्थित रहे।

## मऊआइमा में चोरों ने घर की खिडकी तोड कर नगदी जेवरात सहित लाखो के माल उडाए

### मऊआइमा के सेमरावीरभानपुर मैं पंद्रह माह बाद फिर उसी घर को चोरों ने बनाया निशाना



**मऊआइमा।** मऊआइमा क्षेत्र में चोरों के हौसले पूरी तरह बुलंद हैं। बीती रात चोरों ने एक घर के छत पर चढ कर कमरों की खिडकी तोड दिए और कमरों में रखा अलमारी, बक्सों का ताला तोड़कर लाखों के सोने के जेवरातों और नगदी चोरी कर ले गए। सुबह परिजनों को चोरी का पता चला तो घर में कोहराम मच गया। भुक्तभोगी ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरावीरभानपुर निवासी विनोद कुमार यादव एडोकेट पुत्र छोटेलाल यादव का परिवार बुधवार को रात में भोजन करके अपने अपने कमरों में चला गया। सुबह जब सब की आंख खुली तो घर में चोरी की घटना का पता चला। जिससे घर में कोहराम मच गया। बताया गया है कि चोर छत के रास्ते नीचे आ कर खिडकी तोड कर कमरों में घुस कर अलमारी, बक्सा ,अटैची का ताला तोड़कर दो तोला सोने की चूडी ,दो तोला दो मंगलसूत्र ,चार सोने की आंगूठी ,दो तोला सोने की चैन तथा सत्तर हजार रुपये नगदी सहित अनेकों कीमती सामान चोरी कर ले गए। और सामानों को बिखेर दिए। विनोद कुमार के अनुसार पन्द्रह माह पूर्व भी उनके यहां ठीक इसी प्रकार चोरी हुई थी। परन्तु आज तक चोरों का पता नहीं चला। जिससे चोरों के हौसले बुलंद हैं। विनोद कुमार यादव ने मऊआइमा थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस तहरीर लेकर चोरों का पता लगाने में जुटी हुई है ।

# पट्टी के तीन अभ्यर्थियों ने यूपीपीसीएस की परीक्षा में लहराया परचम, परिवार में खुशी की लहर


श्वेता मिश्रा


संदीप यादव


गरिमा

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा का रिजल्ट आने के बाद पट्टी के तीन मेधावियों ने सफलता का परचम लहराया है। जिस पर पट्टी क्षेत्र के लोगों में हर्ष नजर आ रहा है दो महिलाओं ने जहां परचम लहराकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अपना कदम बढ़ाया है वही एक युवक ने संघर्षपूर्ण जीवन में भी सफलता हासिल की है।

पट्टी तहसील क्षेत्र के गड़ौरी गांव की रहने वाले सुशील कुमार मिश्रा सामान्य किसान है। उनकी बेटी श्वेता मिश्रा का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। पिता सुशील कुमार मिश्रा तथा माता का करुणा मिश्रा ने बेटी श्वेता की प्राथमिक शिक्षा पट्टी नगर की एक स्कूल से पूरी करवाया। राम नारायण इंटर कॉलेज से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद वह पट्टी के समीप राजपति महाविद्यालय से बीएससी की परीक्षा उत्तीर्ण किया। उसके बाद प्रयागराज में उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में प्रथम प्रयास में ही सफलता हासिल कर लिया। वहीं पट्टी तहसील क्षेत्र के बाबा बेलखरनाथ धाम विकासखंड के रहने वाले विजय प्रकाश सिंह की बेटी गरिमा सिंह ने भी सफलता हासिल की है अपने दूसरे प्रयास में सफलता हासिल करने वाले गरिमा उन्नाव में बतौर शिक्षक के पद पर तैनात है। वही पट्टी तहसील क्षेत्र के बिरौती गांव के रहने वाले राजाराम यादव के बेटे संदीप यादव का चयन जीआईसी प्रवक्ता के पद पर हुआ है। संदीप का जीवन बहुत संघर्षपूर्ण रहा। 5 साल पहले संदीप की माता का निधन हो गया पिता राजाराम सामान्य किसान थे लेकिन बेटे की पढ़ाई में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी इसी बीच टीजीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद उनका चयन झांसी स्थित एक कॉलेज में हो गया लेकिन वह लगातार उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में शामिल होते रहे बुधवार की शाम को परीक्षा परिणाम आया तो उनका चयन जीआईसी प्रवक्ता से पद पर हुआ। गांव के सुनील कुमार मिश्रा को अपना बड़ा भाई और उनकी प्रेरणा और गुरुजनों के साथ माता-पिता के आशीर्वाद तथा अपने स्वर्गीय चाचा बैजनाथ यादव की प्रेरणा को वह सफलता का श्रेय दे रहे।

## चिकित्सक पुत्र आशीष ने लहराया सफलता का परचम, खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** यूपीपीसीएस की परीक्षा में लालगंज तहसील क्षेत्र के मेधावी ने भी सफलता का डंका बजाया है। मेधावी के फाइनेंस आफिसर पद पर चयन को लेकर गुरूवार को हुसेनपुर गांव मे परिजनों के साथ घर घर खुशियां चहक उठीं। हुसेनपुर गांव के प्रतिष्ठित चिकित्सक डा. ए.एन. मिश्र के मेधावी बेटे आशीष मिश्र ने पीसीएस की परीक्षा में पहली बार सफलता का सुनहला इतिहास रचा है। आशीष की प्रारम्भिक से लेकर इण्टरमीडिएट तक की शिक्षा लालगंज के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज मे हुई। वहीं उन्होनें एमटेक मोती लाल नेहरू इंजीनियरिंग कालेज प्रयागराज से किया।

आशीष आईएएस की तैयारी मे जुटे थे इस बीच उन्होनें पीसीएस मे भी किस्मत आजमायी और पहली ही बार में कामयाबी हासिल कर ली। आशीष की मां मधू मिश्रा भी उच्च शिक्षा लिये हुए हैं। वहीं आशीष की बड़ी बहन दिल्ली मे मुख्य चिकित्साधिकारी पद पर तैनात है। एक छोटी बहन अंजली व तृप्ति शिक्षक हैं। आशीष ने सफलता का श्रेय अपने पिता और मां के साथ बड़े पापा जगदीश व जगत नारायण मिश्र को दिया। आशीष की सफलता पर परिजनों ने जहां उसका मुंह मीठा कराया वहीं गांव तथा आसपास के लोगों ने माल्यार्पण कर सम्मान करते हुए खुशियों को साझा किया। सफलता पर वरिष्ठ अधिवक्ता देवीप्रसाद मिश्र, यज्ञ नारायण मिश्र, अरविंद मिश्र, नवीन शुक्ल, पूर्व प्रधानाचार्य गुरूबवन सिंह, चंद्रप्रकाश मिश्र, शेष तिवारी, गीता सिंह आदि ने आशीष की उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण ठहराया है।

# एसडीएम की कार्यशैली से खफा वकीलों ने सामूहिक हस्ताक्षर कर तबादले की उठाई मांग

### डीएम से मिलकर ज्ञापन सौपेंगे लालगंज के अधिवक्ता

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** एसडीएम की कार्यशैली से खफा लालगंज के वकीलो ने गुरूवार को आम सभा के जरिए उनके तबादले को लेकर संघर्ष की हुंकार भरी है। तहसील सभागार में अधिवक्ताओं की आम सभा में आरोप लगाया गया है कि मौजूदा एसडीएम की हठवादिता से तहसील मे न्याय मांगने आने वाले पीडितो की सुनवाई नही हो रही है।

वकीलो का यह भी आरोप है कि एसडीएम के व्यवहार को लेकर वकीलों को भी आये दिन पीड़ा झेलनी पड़ रही है। डीएम को संबोधित सामूहिक ज्ञापन मे अधिवक्ताओं ने एसडीएम सौम्य मिश्र के तबादले की मांग उठाई है। आम सभा की अध्यक्षता करते हुए संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश ने स्पष्ट कहा कि एसडीएम का तबादला न होने पर अधिवक्ता आंदोलन के लिए अब पूरी तरह तैयार है। संघ की ओर से डीएम से मिलने के बाद आंदोलन की रूपरेखा अमल मे लाये जाने का भी ऐलान किया गया है। आम सभा मे मौजूद वकीलो ने ज्ञापन पर सामूहिक हस्ताक्षर करते हुए एसडीएम की कार्यप्रणाली की कडी निंदा की है। बैठक का संचालन पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। सभा को संबोधित करते हुए पूर्व अध्यक्ष देवी प्रसाद मिश्र, राममोहन सिंह, टीपी यादव, अजय शुक्ल गुडडू, राजेन्द्र मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शहजाद अंसारी, उपाध्यक्ष बीके तिवारी, महामंत्री शेष तिवारी, संदीप सिंह, दिनेश मिश्र, हरकेश पटेल, बेनीलाल शुक्ल, दिनेश सिंह, संतोष पाण्डेय, अनूप पाण्डेय, शैलेन्द्र सिंह, भास्कर शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, विपिन शुक्ल ने कहा कि एसडीएम की कार्यप्रणाली अनुचित होने के कारण तहसील मे न्यायिक एवं प्रशासनिक कामकाज मे रोज गतिरोध उत्पन्न हो रहा है। इस मौके पर सुशील शुक्ल, घनश्याम मिश्र, इरफान, सिंटू मिश्र, शिवप्रसाद यादव, अमरनाथ यादव, कुलदीप तिवारी, सुमित तिवारी आदि अधिवक्ता रहे।

## पीसीएस परीक्षा में मेधावियों ने जिले का नाम रोशन कर रचा स्वर्णिम अध्यायः प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने पीसीएस की परीक्षा में यूपी में प्रतापगढ़ जिले का नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं की सफलता को जिले को गौरवान्वित करने वाला एक और स्वर्णिम अध्याय कहा है। श्री तिवारी ने पीसीएस परीक्षा 2021 में प्रतापगढ़ की होनहार प्रतिभा अतुल कुमार सिंह के प्रदेश में टाप करने तथा प्रतापगढ़ शहर के ही अमनदीप के यूपी मे तीसरे स्थान पर मिले मुकाम पर कहा है कि इन मेधावियों ने प्रदेश एवं देश मे प्रतापगढ़वासियों का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। सांसद प्रमोद तिवारी ने लालगंज तहसील क्षेत्र के हुसेनपुर निवासी आशीष मिश्र की भी सफलता को सराहते हुए कहा कि प्रतापगढ़ की मेधा शक्ति पर बाबा घुइसरनाथ की पावन धरा का आर्शीर्वाद है कि आज हमारी यह मेधाएं सफलताओं के बूते इस मिटटी का नाम रोशन कर रही है। उन्होनें सफल मेधावियों के साथ उनके शिक्षकों तथा परिवारजनों के प्रति भी शुभकामनाएं देते हुए जिले की इस बड़ी कामयाबी को स्वागत योग्य कहा है।

## फैशन डिजाइनिंग व्यवसायिक रुप से महत्वपूणः प्राचार्य

### पीबीपीजी कालेज में लगी शैक्षिक प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्रतापगढ़ सिटी द्वारा संचालित फैशन डिजाइनिंग कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार की हस्तनिर्मित ब्लॉक पेंटिंग फ्लावर पाट्र्स सिमरी पाउडर से फ्लावर मिकरानी मिरर, वॉल हैंगिंग जूट पर्स ,टेडी बेयर, मिकी माउस छोटा भीम, धान ज्वेलरी आदि स्वनिर्मित वस्तुओं की शैक्षिक प्रदर्शनी लगायी गयी।

प्रदर्शनी का निरीक्षण करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अमित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि फैशन डिजाइनिंग छात्राओं को व्यवसायिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा बाजार में उपलब्ध वस्तुओं से छात्राओं द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुएं अधिक उपयोगी एवं आकर्षित करने वाली हैं। उन्होंने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह के रचनात्मक कार्यक्रम से सृजनात्मक क्षमता का विकास होता है फैशन डिजाइनिंग विभाग


शैक्षिक प्रदर्शनी का अवलोकन करते प्राचार्य प्रो0 अमित कुमार श्रीवास्तव

की विभागाध्यक्ष प्रीति सिंह ने छात्राओं का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्राओं में उनकी सोच एवं हुनर परिलक्षित होती है।

साथ ही साथ वेस्टेज मटेरियल का सदुपयोग करके छात्राएं दैनिक जीवन के उपयोग में आने वाली वस्तुओं का निर्माण करती हैं और आर्थिक क्षेत्र में वह अपने पैरों पर खड़ी हो सकती हैं। इस कार्यक्रम में डॉ राजीव सिंह, डॉ धर्मेंद्र प्रताप सिंह, डॉ पवन कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# अपर आयुक्त ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से उनकी समस्या जानी

### वाणिज्य कर विभाग के जोनल अपर आयुक्त से मिला व्यापार मण्डल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** वाणिज्य कर विभाग के नवनियुक्त जोनल अपर आयुक्त (ज्वाइंट कमिश्नर) अनिल कुमार राम त्रिपाठी के प्रतापगढ़ वाणिज्य कर विभाग में प्रथम आगमन पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने जिला महामंत्री संजय सोनी, जिला उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र केसरवानी, जिला संगठन मंत्री अशोक कुमार केसरवानी एवं नगर महामंत्री राहुल श्याम गुप्ता के साथ वाणिज्य-कर-विभाग में उनसे औपचारिक मुलाकात की।

उपरोक्त मुलाकात में ज्वॉइंट कमिश्नर श्री त्रिपाठी के साथ जनपद के डिप्टी कमिश्नर राम भवन, सीटीओ संदीप मिश्रा व


जोनल अपर आयुक्त से मुलाकात करते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी।

दिव्या सिंह, एसी-प्रथम राम निवास पांडे तथा एसी-द्वितीय श्वेता सिंह के साथ एक शिष्टाचार बैठक भी हुई, जिसमें ज्वाइंट कमिश्नर ने प्रतापगढ़ के व्यवसायियों को विभाग से होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारियां पूछते हुए, जनपद के व्यवसायों की तारीफ करते हुए कहा कि यहां के व्यवसाई अपने वाणिज्य कर विभाग के दायित्वों के प्रति स्वतरू सजग (अपडेट) रहते हैं। जिसके लिए उन्होंने सभी व्यापारियों को धन्यवाद दिया। इसके बाद जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने ज्वॉइंट कमिश्नर व डिप्टी कमिश्नर सहित विभाग के अन्य सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का जनपद के व्यापारियों से मित्रवत व्यवहारिक सम्बन्ध हैं। आप सभी, किसी भी व्यापारी की कोई समस्या अविलंब निस्तारित करने का प्रयास सदैव करते है। जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी ने व्यापारियों की समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराया। ज्वाइंट कमिश्नर ने सभी से कहा कि नेटवर्किंग सर्वर एवं अन्य समस्याओं का निदान विभागीय बैठक कर जल्द ही निस्तारित किया जायेगा।

# दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता सम्पन्न

### 8 न्याय पंचायत विजेता बच्चों ने किया प्रतिभाग


प्रतियोगिता में विजेता टीम को शील्ड देते अतिथिगण।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास खण्ड कालाकाँकर के बेसिक शिक्षा परिवार की दो दिवसीय बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 18 एवं 19 अक्टूबर को जनता जूनियर हाईस्कूल आलापुर के प्राँगण में किया गया जिसमें विकास खण्ड के आठ न्याय पंचायत के विजेता बच्चों ने प्रतिभाग किया।

18 अक्टूबर को कबड्डी की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय रेवली, बालिका वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बैरागीपुर, उच्च प्राथमिक बालक वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय सैय्यदयासीनपुर, बालिका वर्ग में कम्पोजिट विद्यालय रेवली की टीम ब्लॉक चैम्पियन बनी। 19 अक्टूबर को एथलेटिक्स की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई जिसमें प्राथमिक वर्ग में प्राथमिक विद्यालय बैरागीपुर की बालिका ने जबकि जूनियर वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय बरवलिया याकूबपुर की बालिका ने व्यक्तिगत चैम्पियनशिप जीती। उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर गड़ौली ब्लाक चैम्पियन तथा प्राथमिक विद्यालय बैरागीपुर उपविजेता रही। दूसरे दिन दौड़, लम्बी कूद, गोला, चक्का फेंक की प्रतियोगिता तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम में बीईओ कालाकाँकर, एडीओ पंचायत कालाकाँकर संतोष कुमार शुक्ला, जनता जूनियर हाईस्कूल के प्रबन्धक संजय शुक्ल, प्रवीण शुक्ल, नन्दलाल त्रिपाठी, शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी सुशील त्रिपाठी, सुभाष सोनकर, अवधेश शंखधर, मनोज मिश्र, चन्द्रशेखर, जय प्रकाश मौर्य, दिलीप सरोज तथा विकासखण्ड के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रबंधतंत्र की तरफ से पुरस्कृत किया गया।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में मेधावियों का दिखा हुनर

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शंकुल स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता में मेधावियो ने खेल के हुनर दिखाकर अभिवावको व शिक्षकों को भी रोमांचित कर दिया। प्राथमिक विद्यालय टोडरपुर के क्रीडा मैदान में हुए खेल प्रतियोगिता में नन्हें मुन्हें मेधावियो ने कबडडी, खो-खो, दौड़, ऊंचीकूद, लंबी कूद आदि में रोमांचक खेल का प्रदर्शन किया। मेधावियों का हुनर देख प्रतियोगिता मे मौजूद शिक्षको व अभिवावको को भी इन्हें वाहवाही देकर उत्साहित करते देखा गया। खेल में रेफरी राजीव मौर्य तथा विजय पाल ने प्रतिभागियों का दिशानिर्देशन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ रामपुर संग्रामगढ़ के खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय ने किया।

आयोजन समिति द्वारा बीईओ को सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष राजेशचंद्र पाण्डेय व संचालन शंकुल प्रभारी अजय सिंह ने किया। संयोजक राकेश सिंह ने विजेता टीम के सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। आभार प्रदर्शन प्रधानाध्यापिका सीमा उपाध्याय ने किया। सह संयोजक नवीन पाण्डेय व आशीष सिंह तथा विजय आनन्द मिश्र की भूमिका सराहनीय दिखी। इस मौके पर जीतेन्द्र मिश्र, अशोक सरोज, अखिलेश त्रिपाठी, अशोक शुक्ल, कुसुम उपाध्याय, सुमन मिश्र, सुभाषचंद्र, मोना सरोज, आकाश मौर्य, धीरेन्द्र सोनी, अवनीश त्रिपाठी, अजय प्रताप सिंह, संध्या शुक्ला आदि रहे।

## प्रभात एकेडमी में हुई रंगोली एवं क्लेमाडलिंग प्रतियोगिता

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रभात एकेडमी में दीपावली पर्व के पूर्व रंगोली एवं क्लेमाडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रभात एकेडमी के चारों हाउस नालंदा, कौषाम्बी, तक्षषिला एवं विक्रमषिला के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। नालंदा हाउस से यषी, शशांक, शैलजा, अविका, अन्वी, वैष्णवी ने प्रतिभाग किया। कौषाम्बी हाउस से हफषा, पीहू, बुषरा, मानसी ने प्रतिभाग किया। तक्षषिला हाउस से अदिति, अपराजिता, निवेदिता, हिमांशी, शौर्य, आरुष, श्रेया, जेहरा, शुभी, उम्मी ने प्रतिभाग किया। विक्रमषिला हाउस से प्राक्षा, अनामिका, पोलमी, आर्या, श्रेया, अनुप्रिया, आंषी, प्रियांशी ने प्रतिभाग किया। तक्षषिला हाउस प्रथम स्थान पर, नालंदा एवं विक्रमषिला हाउस दूसरे स्थान पर व कौषाम्बी हाउस तीसरे स्थान पर रहे। इस


क्लेमाडलिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं।

मौके पर किरन मिश्रा, पूजा सिंह, अंजू, एकता, सुनीता, अंकिता, मधु, पूनम, आकांक्षा आदि मौजूद रहे।

## समाचार पत्र हॉकर की माता का निधन

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के पाइकगंज बाजार निवासी रामजी अग्रहरि समाचार पत्र के एजेंसी धारक के साथ सभी अखबार के क्षेत्र में पाठकों तक पहुचाने का काम करते है।इनकी माता की अचानक बीमारी के चलते उपचार के दौरान बुधवार की रात प्रयागराज रामा हॉस्पिटल में सांसे थम गई परिजनों को जानकारी होने पर कोहराम मच गया गुरुवार की सुबह नवाबगंज गगाघाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

# झूठी निकली एक लाख लूट की घटना, आरोपित गिरफ्तार

### कैथौला बैंक से कुछ ही दूर पर झूठी घटना की रची थी साजिश

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाइक सवार बदमाशों द्वारा बुधवार को दोपहर तमंचा सटाकर एक लाख की लूट की घटना पुलिस की जांच में झूठी निकली। पुलिस ने एक लाख रुपए के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया।

सांगीपुर थाना क्षेत्र के दूधी का पुरवा निवासी आलोक सिंह पुत्र लाल वीरेंद्र प्रताप सिंह वीरशाहपुर में बैंक आफ बडौदा की टाइनी शाखा चलाते हैं।आलोक के किसी काम से बाहर होने के चलते बीते बुधवार को उनका भाई बालेंदु सिंह टाइनी चला रहा था। बालेंदु ने अपने रिश्तेदार लालगंज कोतवाली के चकवा निवासी आशू सिंह पुत्र अमर बहादुर सिंह को सुबह 11 बजे कैथौला स्थिति बैंक आफ बडौदा



शाखा से एक लाख रुपए लाने के लिए भेजा। लेकिन करीब दो घंटे बाद आशू ने बालेंदु को फोन पर बताया कि कैथौला वीरशाहपुर रोड पर दो अज्ञात बदमाशो ने तमंचे के बल पर उसे रोककर उसकी जेब में रखे एक लाख रुपए लूट लिये। मामले में पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस को मामला संदिग्ध लगा तो छानबीन शुरू कर दी। पुलिस ने आशू को हिरासत में लेकर कड़ाई से पुंछतांछ शुरू किया तो आशू ने लूट की मनगढ़ंत कहानी बनाकर झूठी सूचना देने की बात स्वीकार कर लिया। कोतवाल कमलेश पाल का कहना है कि जमीन खरीदने के लिए आरोपित आशू को पैसे की जरूरत थी। उसने बैंक से पैसा निकालने के बाद उसे ले जाकर घर में रखा और फिर लूट की कहानी को गढ दिया। आरोपित को गिरफ्तार कर पैसे की बरामदगी कर ली गई है।

## आखिर चेक पर किसका था नाम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिस चेक पर बैंक ने आंसू को पैसा दिया था आखिर वह किसके नाम से जारी था। वह टाइनी शाखा के नाम से जारी था या अन्य के नाम?क्यों की टाइनी जिसके नाम से है वह मौके पर था ही नही। यदि सही जांच हो तो और लोगो पर भी जांच की आंच जा सकती है।

# यूपीएससी में अतुल कुमार ने हासिल किया प्रथम स्थान


अतुल कुमार का मुंह मीठा कराते लोग।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** आज यूपीएससी सिविल परीक्षा में उत्तर प्रदेश प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अतुल कुमार सिंह के आवास पर माला मिठाई खिला कर शुभकामना दी। प्रतापगढ़ जिले का नाम रोशन करने पर सभी जनपद वासियों में उत्साह रहा। साथ में जिला उपाध्यक्ष गोकुल, अजय प्रताप सिंह, नितीश, चंद्र प्रताप, मदन पाल, प्रिंस, ओम प्रकाश सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## किसानों ने डीएम आवास पर किया प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील के नारायणपुर और खाखापुर गांव में पुस्तैनी नाला पर दबंगों ने घर बना लिया है जिससे बरसात के पानी न निकलने पर हजारों बीघा फसल बर्बाद हो गई। इससे खफा किसानों ने किसानों ने डीएम आवास पर प्रदर्शन कर डीएम व एसपी को ज्ञापन दिया। इस दौरान डीएम ने रानीगंज एसडीएम को जांच के आदेश दिये हैं। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमर पाल यादव, वर्तमान जि०पं०सदस्य, खाखापुर प्रधान रविन्द्र यादव, नारायणपुर प्रधान के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज होने वाला रोजगार मेला स्थगित

**कौशाम्बी।** नोडल प्रधानाचार्य जिला समन्वयक, राजकीय आईटीआई एवं कौशल विकास मिशन ने बताया 21 अक्टूबर को नवीन मण्डी समिति ओसा, मंझनपुर में आयोजित होने वाली एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया गया है। मेले के आगामी तिथि के बारे में पृथक से सूचना दी जायेंगी।

### सोलर पम्प के लिए किसान करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उप कृषि निदेशक उदयभान सिंह गौतम ने किसानों को सूचित किया है कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0कुसुम) सोलर पम्प वित्तीय वर्ष 2022-23 योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प पाने के लिए विभागीय वेबसाइट पर दिनांक 22 अक्टूबर 2022 से (अतिदोहित/ क्रिटिकल को छोड़कर) ऑनलाइन बुकिंग कर सकतें हैं। इसके लिए कृषि विभाग में पंजीकृत कृषक ही पात्र होंगे, ह्लपहले आओ-पहले पाओंह्व टोकन के आधार पर चयन किया जायेगा।

# जनपद के 16 प्रमुख चौराहों का नामकरण महा पुरूषों के नाम किये जाने का अनुमोदन

## जिला पंचायत के स्वायत्तता के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थानों पर सम्पत्तियों के सृजन एवं अनुरक्षण के लिए मिली स्वीकृति

अखंड भारत संदेश



बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष सांसद व अन्य



बैठक में उपस्थित सदस्य गण

**कौशाम्बी।** जिला पंचायत की बैठक रत्नावली सभागार में आहूत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना सोनकर ने की बैठक में सांसद विनोद सोनकर, ब्लॉक प्रमुख एवं सदस्य, जिला पंचायत ने प्रतिभाग किया बैठक में सदस्यों द्वारा गत बैठक की कार्यवाही को अनुमोदित किया गया तथा सासंद द्वारा जनपद के 16 प्रमुख चौराहों यथा-मंझनपुर चौराहा, ओसा चौराहा, करारी चौराहा, बेनीराम कटरा चौराहा, करन चौराहा, भरवारी बाईपास चौराहा, पुरामुफ्ती चौराहा, चरवा चौराहा, तिल्हापुर चौराहा, उदहिन चौराहा, नारा चौराहा, अजुहा चौराहा, देवीगंज चौराहा, पश्चिम शरीरा चौराहा, बैरागीपुर चौराहा एवं सैनी चौराहा का नामकरण महापुरूषों के नाम पर किये जाने के प्रस्तुत प्रस्ताव का सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में सदन द्वारा एशियाई यूथ चैम्पियनशिप में 3000 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में सिल्वर पदक जीतकर देश, प्रदेश एवं जनपद को गौरवान्वित करने एवं ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए जनपद कौशाम्बी की बेटी सुनीता का अभिनन्दन किया गया। इसके साथ ही सांसद द्वारा सुनीता के घर तक सड़क का निर्माण, जनपद के किसी चौराहे का नाम सुनीता के नाम पर रखने एवं नियमानुसार आर्थिक सहायता दिये जाने के प्रस्तुत प्रस्ताव का सदन द्वारा अनुमोदन किया गया। बैठक में सदन द्वारा जिला पंचायत के स्वायत्तता के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न स्थानों पर सम्पत्तियों के सृजन एवं अनुरक्षण के लिए स्वीकृति प्रदान की गयी तथा ग्रामीण क्षेत्रान्तर्गत निराश्रित गोवंशों व दुर्घटनाग्रस्त बड़े पशुओं के परिवहन के लिए कैटिल कैचर व्हीकल के क्रय एवं संचालन की स्वीकृति प्रदान की गयी तथा ऐतिहासिक स्थल पभोषा के सौन्दर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग को प्रस्ताव प्रेषित किये जाने का निर्णय लिया गया। इसी प्रकार मनरेगा कन्वर्जन्स के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 21 ऑगनबाड़ी केन्द्रों का निर्माण, ससुर खदेरी नदी का पुनरूद्धार, उद्यान विभाग के 02 हाईटेक नर्सरियों का निर्माण एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं द्वारा प्राप्त प्रस्तावों का अनुमोदन किया गया इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम एवं अपर मुख्य अधिकारी कमलेश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### विश्व स्तर पर नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी को डिप्टी सीएम ने किया सम्मानित



**कौशाम्बी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र के बराई बंधवा गांव की एक बालिका ने विश्व स्तर पर अपना परचम लहराया है विश्व स्तर पर सिल्वर मेडल जीतकर वापस लौटी बालिका खिलाड़ी ने गांव जिले के साथ-साथ देश के खिलाड़ियों को गौरवान्वित किया है इस बात की जानकारी जैसे ही उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को मिली उन्होंने बालिका से संपर्क करने का प्रयास किया डिप्टी सीएम के लखनऊ स्थित आवास पर गुरुवार को बालिका पहुची जहां डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने विश्व स्तर पर परचम लहराने वाली सिल्वर मेडलिस्ट सुनीता देवी को तथागत गौतम बुद्ध जी महारानी लक्ष्मी बाई जी की प्रतिमा एवं प्रोत्साहन राशि भेंट कर उत्साहवर्धन किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी बताते चलें कि जनपद कौशांबी की बेटी सुनीता देवी ने यूथ एशिया एथलेटिक्स चैंपियनशिप कुवैत में आयोजित 3000 मीटर रेस में सिल्वर पदक जीतकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का चुनाव सम्पन्न

**जयमन्त शुक्ला संरक्षक रोहित कुमार संयुक्त महामंत्री नीरज कुमार मिश्र संगठन मंत्री दीपेंद्र कुमार संयुक्त मंत्री सन्तोष कुमार साहू ब्लाक मंत्री जय भारतीया मंत्री एवं मिथिलेश कुमार उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत**



**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की एक बैठक बुधवार को अलवारा में आहूत की गई बैठक में संगठन विस्तार एवं शिक्षको की समस्याओं पर चर्चा की गयी। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष नितिन कुमार समावेशी ने सदस्यता अभियान चलाकर अधिकाधिक सदस्य बनाने पर जोर दिया। बैठक में सर्व सम्मति से महासंघ के नियमानुसार जयमन्त शुक्ला को संरक्षक, रोहित कुमार को संयुक्त महामंत्री नीरज कुमार मिश्र को संगठन मंत्री, दीपेंद्र कुमार को संयुक्त मंत्री, सन्तोष कुमार साहू को ब्लाक मंत्री, जय भारतीया को मंत्री, एवं मिथिलेश कुमार को उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। नव नियुक्त संयुक्त महामंत्री रोहित कुमार ने बताया कि शिक्षको का शोषण किसी भी स्तर पर स्वीकार्य नहीं है, संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर भूपेंद्र कुमार सिंह, अतुल कुमार पांडेय अजीत सिंह, दीपक सिंह रोहित लाल भूर्तिया, रवि कुमार, भास्कर सेन सुरेंद्र शर्मा, अशोक कुमार सिंह आदि अनेक शिक्षक एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# संपत्ति विवाद में कुल्हाड़ी से वार कर सौतेले भाई को उतारा मौत के घाट

अखंड भारत संदेश



हत्या के बाद लगी लोगों की भीड़

कौशांबी मोहब्बतपुर पैसा थाना क्षेत्र के अनेठा ग्राम पंचायत में संपत्ति के विवाद में सौतेले भाई पर कुल्हाड़ी से वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया है दिनदहाड़े हत्या की घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीण हतप्रभ रह गए और घटनास्थल पर ग्रामीणों का जमावड़ा लग गया मामले की सूचना स्थानीय थाना पुलिस को मिली मौके पर दल बल के साथ थाना पुलिस पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हत्या करने के बाद हत्यारा भाई फरार बताया जाता है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

घटनाक्रम के मुताबिक मोहब्बत पुर पइंसा थाना क्षेत्र के अनेठा निवासी मोहम्मद आरिफ हसन ने तीन बीबियों से निकाह किया था मोहम्मद आरिफ हसन की पत्नी सायरा बेगम के पुत्र आमिर का अपने सौतेले भाई फैजान अहमद खान से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था गुरुवार की सुबह आमिर अपने सौतेले भाई फैजान अहमद खान से बात करने उसके घर पर पहुंचा दोनों सौतेले भाई कुर्सी पर बैठकर बातचीत कर रहे थे इसी बीच पहले से योजना बनाकर आया आमिर उत्तेजित हो गया और उसने सौतेले भाई फैजान अहमद खान उम्र 34 वर्ष पर कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया कुल्हाड़ी के लगातार प्रहार से फैजान अहमद खान लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़े और तड़पने लगे देखते-देखते तड़प तड़प कर फैजान अहमद खान की मौत हो गई चारों ओर खून बिखर गया दिनदहाड़े हत्या की जानकारी मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे देखते देखते सैकड़ों महिला पुरुषों की भीड़ घटनास्थल पर लग गयी मामले की सूचना जैसे ही स्थानीय थाना पुलिस को मिली घटनास्थल पर पुलिस फोर्स पहुंची और भीड़ को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि हत्या करने के बाद हत्यारा भाई घटनास्थल से फरार हो गया है जिसकी तलाश पुलिस कर रही है।

# खण्ड शिक्षा अधिकारी के तानाशाही के विरोध में बीएसए को सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू द्वारा शिक्षकों से किए जा रहे दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने संगठन के जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में बीएसए को ज्ञापन सौंपा। खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के बाद से ही शिक्षकों को निरंतर धमकी वाली भाषा में आदेश और निर्देश देने,इ. प्र.अ. द्वारा प्रेषित सभी प्रकार के अवकाश को निरस्त करने व गत 19 अक्टूबर को बीआरसी सिराथू में सम्पन्न प्रधानाध्यापकों की मासिक बैठक में भी खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा धमकाने व मेडिकल लीव से संबंधित प्रकरणों को जानबूझकर उलझाने की शिकायत की गई। ज्ञापन में जनपद में लंबे समय से लंबित प्राथमिक शिक्षकों की पदोन्नति के प्रकरण को प्रमुखता से रखा गया तथा जनपद में वरिष्ठता सूची प्रकाशित करने की मांग की गई। बीएसए कार्यालय में लंबित चयन वेतनमान की पत्रावलियों को शीघ्र अति शीघ्र निस्तारित करने का अनुरोध किया गया।

विशिष्ट बीटीसी 2004 की चयन वेतन विसंगति का समाधान करते हुए निर्धारित तिथि से लाभ दिलाने की मांग की।इस दौरान मायापति त्रिपाठी, नितिन यादव, रविकांत यादव, डॉ अश्वनी कुमार, रामशंकर प्रजापति,दिनेश कुमार, मदन यादव, भूपेंद्र कुमार सिंह, दीपक सिंह, मिथलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### विराट दंगल मैदान में पहलवानों के बीच हुई रोचक कुश्ती

**मुकेश यादव झूंसी बने प्रथम अखाड़ा चैंपियन**



**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के समसपुर ग्राम पंचायत के बंदरहाई बाग दंगल मैदान में कुश्ती का आयोजन किया गया जहां 2 दर्जन से अधिक रोचक कुश्तिया हुई अखाड़ा चैंपियन मुकेश यादव झूंसी पहलवान प्रथम चैंपियन बने जिन्हें इनाम देकर अखाड़ा कमेटी ने उनका हौसला बढ़ाया अन्य पहलवानों की जीत पर उन्हें नगद और सामान उपहार में देकर उनका हौसला बढ़ाया गया अखाड़ा का आयोजन ग्राम प्रधान प्रतिनिधि आशीष कुमार पांडे, राज पांडे की देखरेख में आयोजित किया गया है जहां इलाके के पहलवानों के साथ-साथ दूसरे जिले के भी तमाम नामी पहलवानों ने कुश्ती में हिस्सा लेकर दंगल को रोचक बनाया अखाड़ा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रजीत यादव व समसपुर ग्राम सभा के तमाम सम्मानित अमित कुमार गुप्ता उर्फ ललानी क्षेत्र पंचायत सदस्य पति, बलबन्त यादव कोटेदार, धर्मराज राजपूत, चिरंजीव लाल, सुंदरलाल राजपूत, ओम प्रकाश पाल, रामबली विश्वकर्मा, दिलीप कुमार पांडे उर्फ साधु, मेवा लाल यादव, राम लाल सोनी, लालमन सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

### भेलखा गांव की सड़क पर एक दिन डीएम कर ले पैदल भ्रमण

**नगर पालिका मंझनपुर क्षेत्र की सड़क में भरा कीचड़ पानी**



**कौशांबी।** नगर और ग्रामीण क्षेत्र के विकास करने के लिए सरकार द्वारा बड़ा बजट कार्यालयों को भेजा जा रहा है लेकिन उसके बाद भी विकास की गति नहीं बढ़ पा रही है मंझनपुर नगर पालिका क्षेत्र के भेलखा मोहल्ले में सड़कों पर कीचड़ पानी भरा रहता है जिससे आवागमन में लोगों को दिक्कत होती हैं नगर पालिका क्षेत्र के विकास के लिए करोड़ों की रकम खर्च की गई है लेकिन फिर भी भेलखा क्षेत्र में फूटी कौड़ी नहीं पहुंच सकी है सड़क में कीचड़ और पानी भरे रहने से आवागमन बाधित हो रहा है अन्य कोई दूसरा रास्ता न होने से मजबूर लोगों को उसी कीचड़ पानी भरे रास्ते से गुजरना पड़ता है लेकिन उसके बाद भी भेलखा गांव की जलभराव वाली सड़क को ठीक कराने का प्रयास नगर पालिका ने नहीं किया है जिस रास्ते से गांव की जनता को प्रतिदिन आना जाना पड़ता है उस रास्ते से एक दिन भी मंत्री अफसर चलने का प्रयास करें तो उनके पसीने छूट जाएंगे लेकिन उसके बाद भी आम जनता की इस मुसीबत के समाधान करने का प्रयास नहीं हो सका है।

## कृषि अपशिष्टों को जलाये जाने पर सम्बन्धित पर होगी कार्यवाही

**कौशाम्बी।** कृषकों द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन यथा-पराली/पुवाल/पैरा/ठूँठ एवं केले का तना इत्यादि फसल अपशिष्ट जलाये जाने से वायु अत्यन्त ही प्रदूषित व जहरीली हो जाती है, इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली द्वारा फसलों की कटाई के उपरान्त बचे हुए भूसे को जलाया जाना प्रतिबन्धित करते हुए अर्थदण्ड का प्राविधान किये जाने के निर्देश दिये गये है। इस निर्देश के अनुपालन में मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा विभिन्न दिशा-निर्देश जारी किये गये है कृषि अपशिष्ट को जलाया जाना एक दण्डनीय अपराध है तथा इसका कृषि एवं मानव स्वास्थ्य, दोनों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है, इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दियें हैं राजस्व विभाग एवं कृषि विभाग के ग्राम पंचायत/न्याय पंचायत स्तर पर कार्यरत कर्मचारियों को उत्तरदायी बनाया जाय कि वे कृषि अपशिष्टों को जलाये जाने की घटना के 24 घण्टे के अन्दर सूचनायें अपने-अपने उच्चाधिकारियों को क्रमशः तहसीलदार एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी को प्रस्तुत करें तथा राजस्व ग्राम के लेखपाल की जिम्मेदारी होगी कि वे अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलने की घटनायें बिल्कुल न होने दें, अन्यथा उनके विरूद्ध भी कार्यवाही की जाएगी नायब तहसीलदार द्वारा कृषि अपशिष्ट जलाये जाने का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित विपक्षी को नोटिस जारी की जायेंगी और विपक्षी तथा रिपोर्ट करने वाले कर्मचारी/अधिकारी को सम्यक रूप से सुनकर अपनी आख्या तहसीलदार को प्रस्तुत की जायेगी। तहसीलदार द्वारा विपक्षी को पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति आरोपण के लिए कारण बताओ नोटिस निर्गत की जायेंगी, इस आदेश की प्रति विपक्षी के साथ-साथ रिपोर्ट करने वाले कार्मिक तथा सम्बन्धित लेखपाल को प्रेषित की जायेंगी और विपक्षी को सुनकर पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति आरोपित की जायेगी यथा-02 एकड़ से कम भूमि वाले कृषक के लिए 2500 रुपए प्रति घटना व 02 एकड़ से अधिक, किन्तु 05 एकड़ तक भूमि रखने वाले लघु कृषकों के लिए 5000 रुपए प्रति घटना एवं 05 एकड़ से अधिक भूमि रखने वाले बड़े कृषकों के लिए 15000 रुपए प्रति घटना आरोपित की जायेगी, इस घटना की पुनरावृत्ति होने पर राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण अधिनियम की धारा-26 एवं एक्ट संख्या-14/1981 की धारा-19 के अन्तर्गत अभियोजन की कार्यवाही कर नियमानुसार कारावास या दोनों से दण्डित कराया जाएगी ग्राम पंचायतों तथा ग्राम प्रधानों को भी पराली जलाये जाने की रोकथाम हेतु जागरूक किया जाय।

# संगठन व सरकार में महिलाओं का अहम योगदान : गीता शाक्य

## भाजपा महिला मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग संपन्न

अखंड भारत संदेश




भाजपा महिला मोर्चा के एक दिवसीय प्रशिक्षण में उपस्थित महिलाएं

**कौशाम्बी।** भाजपा कार्यालय मंझनपुर में महिला मोर्चा का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ प्रशिक्षण में मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता शाक्या रही और विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीमती नम्रता चौरसिया और कार्यक्रम की संयोजिका श्रीमती संगीता गोस्वामी रही कार्यक्रम को भाजपा महिला मोर्चा का प्रशिक्षण कार्यशाला 4 चरणों में संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि भारत को समृद्ध एवं शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में विश्व पटल पर स्थापित करने के लिए भाजपा कृत संकल्प है पहले सत्र में जीजा बाई पन्ना धाय लक्ष्मी बाई दुर्गावती आदि के जीवन एवं उनके त्याग पर विस्तार से चर्चा हुई। दूसरे सत्र में विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य महिला मोर्चा संगीता गोस्वामी ने केंद्र सरकार की उपलब्धियां और योजनाओं के विषय में विस्तार से जानकारी दी तीसरे चरण में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती प्रतिभा कुशवाहा ने भाजपा का इतिहास ,विकास महिला कार्यकताओं क्षमता एवं चुनौतियो के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा संगीता सरोज द्वारा किया गया कार्यक्रम का संचालन महामंत्री कविता केसरवानी शिप्रा मौर्या द्वारा किया गया कार्यक्रम में शतरूपा पाठक सुषमा सोनिया अर्चना चौरसिया रिचा पांडे मीडिया प्रभारी प्रियंका सिंह गीता प्रीति मीणा एवं महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष दीपक श्रीवास्तव सुनीता चंद्रावती शशि रानी एवं जिले की महिला मोर्चा की टीम सम्मिलित रही।

### जमीयत उलेमा की 40- दिवसीय बैठक की सतरहवीं बैठक अफोई में हुई आयोजित



**इमामगंज कौशाम्बी।** जमीयत उलेमा द्वारा आयोजित 40-दिवसीय बैठक की सतरहवीं बैठक मगरिब की नमाज के बाद अफोई के तकया वाली मसजिद में मौलाना शाकिर की अथक्षता में आयोजित की गई फिर जमीयत उलेमा कोशांबी के महासचिव मौलाना मुफ्ती उबैद उल्लाह नदवी ने पाकी व नापकी, गुसल, वजु, तयममुम नमाज के फराऐज व शराइत वगैरह पर मुफससल रोशनी डाली फिर जमीयत उलेमा ज़िला कौशांबी के अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी ने सभा को संबोधित करते हुए पैगंबर के चरित्र और नैतिकता पर प्रकाश डाला और कहा कि ईबादात में सब से पहले नमाज है, और फिर नमाज के शराइत फराईज,सुनन व मुसतहबबात पर रौशनी डाली,उन्होंने कहा कि मेरे पैगंबर की नैतिकता बहुत ऊंची और बुलंद है, हम सभी को अपने पैगंबर के नैतिकता और शिष्टाचार को अपनाने की जरूरत है, अल्लाह हमें कार्य करने की सभी क्षमता प्रदान करे मौलाना शाकिर साहिब की दुआ पर बैठक संपन्न हुई इस मौके पर मौलाना मुफ्ती मुहम्मद मुरशिद कासमी , मौलाना मुफ्ती उबैद उल्लाह नदवी,मौलाना शाकिर सहिब नदवी, मौलाना शहनवाज कासमी,मौलाना रफीक साहिब, अरशद भाई,तुफैल आदि लोग मौजूद रहे।

# अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य की प्रगति की सांसद ने की समीक्षा

## अमृत सरोवर का निर्माण कार्य 31 दिसम्बर तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश

अखंड भारत संदेश



बैठक में उपस्थित विभिन्न विभाग के अधिकारी

**कौशाम्बी।** सांसद विनोद सोनकर द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गयी सांसद ने विकास खण्डवार प्रत्येक अमृत सरोवर के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड विकास अधिकारियों को 31 दिसम्बर 2022 तक निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि सभी अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में एकरूपता सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि सभी अमृत सरोवर में इनलेट एवं आउटलेट तथा आवागमन के लिए मार्ग की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाय तथा अमृत सरोवर के निर्माण कार्य में लगे सभी श्रमिकों एवं श्रमदान करने वालों का नाम अंकित किया जाय। उन्होंने कहा कि पात्र सभी मनरेगा श्रमिकों का पंजीकरण सुनिश्चित कराया जाय इसके साथ ही उन्होंने सभी बी0डी0ओ0 से कहा कि सम्बन्धित ग्राम प्रधानों एवं सचिव ग्राम पंचायतों के साथ बैठक कर कार्ययोजना बनाकर शेष कार्यों की तेजी से पूर्ण कराया जाय सासंद ने सभी बी0डी0ओ0 को कार्ययोजना बनाकर अपने-अपने विकास खण्ड में स्थित शहीद स्मारकों का जीर्णोद्धार मनरेगा के अन्तर्गत कराने के निर्देश दियें तथा शहीद सैनिकों के नाम भी अंकित कराने के निर्देश दियें इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

### न्यायालय परिसर में अधेड़ की मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के एक गांव का संतोष कुमार अदालत में पेशी पर आया था दोपहर में न्यायालय परिसर में उसकी मौत हो गई है मौत की सूचना पाते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है बताया जाता है कि वह बुखार से पीड़ित था अधेड़ की मौत के बाद कचहरी में हड़कम्प मच गया बताया जाता है कि बीते 19 वर्षों से जमीनी विवाद के मामले में अदालत के मुकदमे का संतोष चक्कर लगा रहा है।

### तालाब में डूबने से विकलांग की हुई मौत

**कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा सिंह का डेरा गांव निवासी बिकलांग बुधराम उम्र 63 पुत्र रामदास घर के कुछ ही दूर पर स्थित तालाब में शौच क्रिया के लिए गया हुआ था तभी पैर फिसल जाने से बुधराम डूब गया परिजनों ने काफी खोजबीन की बृहस्पतिवार को दोपहर घर से कुछ दूर स्थित तालाब में बुधराम का शव तैरता देख परिजनों में कोहराम मच गया मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### शिक्षक का पीसीएस में हुआ चयन

**कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के पूरब शरीरा गांव के मजरा नागचौरी का पूरा निवासी आनंद कुमार मिश्रा पुत्र राम सलोने मिश्रा का चयन पीसीएस में 152 स्थान प्राप्त हुआ जैसे ही इसकी जानकारी परिवार जनो को लगी तो खुशी की लहर दौड़ गई आनंद कुमार मिश्रा तीन भाइयों दो बहनों में से सबसे छोटे हैं बड़े भाई विनोद कुमार मिश्रा उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर के पद पर कानपुर में तैनात है दूसरे भाई शिक्षक है आनंद भी शिक्षक के पद पर तैनात थे मगर वह पीसीएस की तैयारी भी कर रहे थे आनंद के पिता राम सलोने भी उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा के पद से रिटायर हुए हैं।आनंद ने इस सफलता को अपने गुरु जन माता पिता बड़े भाइयों आशीर्वाद से मिला है।

### स्थान बदलकर चला रहे हैं बीसी काउंटर

**बैंक मैनेजर की निष्क्रियता के चलते जनमानस को अपना पैसा लेने के लिए चलना पड़ रहा कोसों दूर**

**कौशाम्बी।** बैंक ऑफ बड़ौदा बेनी राम कटरा में पांच बीएलई वीसी की नियुक्ति लगभग 7 वर्ष पूर्व की गई है जिनको बैंक क्षेत्र मे आने वाले 5 गांव अलग-अलग बीसी संचालकों को निर्धारित किए गए है लेकिन बीसी निर्धारित किए गए गांवों मे अपना कार्य नहीं कर रहे है । सभी बीसी अपने मन मुताबिक स्थान पर बैंक के आसपास ही बैठा पैसा निकालने व खाता खोलने जैसा काम कर रहे हैं। जिससे बुजुर्ग एवं विकलांग वा महिलाओं को कोसों दूर से चलकर बैंक के पास बैठे बीसी तक जाना पड़ता है। जिसके चलते लोगों का पूरे एक दिन का समय नष्ट हुआ करता है। आपको बता दें कि सरकार द्वारा जनमानस की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बैंक मित्र के माध्यम से बैंक वीसी की नियुक्ति की गई है जिससे गांव के बुजुर्ग एवं महिलाओं व दिव्यांगों को कोसों दूर बैंक तक ना जाना पड़े और उनके गांव में आसानी से खाता खोलने के साथ-साथ पैसा आदान-प्रदान हो सके लेकिन शासन की मंशा के विपरीत बेनी राम कटरा के बैंक केबीसी द्वारा सारे नियम ताक पर रखकर काम किया जा रहा है जिस पर बैंक मैनेजर की निष्क्रियता स्पष्ट रूप से देखी जा सकती है। जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि बैंक मैनेजर शाखा बेनीराम कटरा द्वारा सरकार के मंशा के विपरीत कार्य करने मे बीसी का भरपूर सहयोग किया जा रहा है।

### आधा दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव

**कौशाम्बी।** कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु चौकी प्रभारी सहित कई उपनिरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में एसपी हेमराज मीणा ने बदलाव किया है। काफी समय से एक ही जगह पर जमें चौकी प्रभारियों के कार्यशैली से क्षेत्रीय जनता नाखुश थी जिसके चलते उनके विरुद्ध लगातार शिकायतें प्राप्त होती थी इसलिए उन्हें चौकी प्रभारी के पद से पैदल कर दिया गया है । उपनिरीक्षक राजेंद्र कुमार वर्मा को पुलिस लाइन से कादीपुर चौकी की जिम्मेदारी सौंपी गई, चौकी प्रभारी हररायपुर राकेश कुमार राय को वहां से हटाकर मूरत गंज चौकी प्रभारी बनाया गया है, उपनिरीक्षक अजीत उपाध्याय को पुलिस लाइन से हटाकर अर्का महावीरपुर चौकी प्रभारी बनाया गया है, उपनिरीक्षक अभिषेक राय को मूरतगंज चौकी से हटाकर डायल 112 से संबंध कर दिया गया है, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार को डायल 112 से हटाकर चौकी प्रभारी हररायपुर बनाया गया, उपनिरीक्षक अनिल कुमार को पुलिस लाइन से थाना पश्चिम शरीरा भेजा गया, उपनिरीक्षक दीपक मिश्रा को अर्का महावीरपुर चौकी प्रभारी के पद से हटाकर थाना मंझनपुर भेजा गया, उपनिरीक्षक अतुल रंजन तिवारी को पुलिस लाइन से थाना सैनी भेजा गया, उपनिरीक्षक दिलीप कुमार यादव को पुलिस लाइन से थाना कड़ा धाम भेजने के निर्देश पुलिस अधीक्षक ने जारी किए हैं।

संपादकीय

# तुम दीपक हम बाती

**भारतीय** समाज अपने स्वभाव में मूलतः उत्सवधर्मी है और यहाँ के ज्यादातर उत्सव सृष्टि में मनुष्य की सहभागिता को रेखांकित करते दिखते हैं। प्रकृति की रम्य क्रीड़ा स्थली होने के कारण मौसम के बदलते मिजाज के साथ कैसे जिया जाय इस प्रश्न विचार करते हुए भारतीय जन मानस की संवेदना में ऋतुओं में होने वाले परिवर्तनों ने खास जगह बनाई है। फलतः सामंजस्य और प्रकृति के साथ अनुकूल को ही जीवन का मंत्र बनाया गया। यहाँ जीवन का स्पंदन उसी के अनुसार होता है और उसी की अभिव्यक्ति यहाँ के मिथकों और प्रतीकों के साथ होती है। कला , साहित्य , संगीत आदि को भी सुदूर अतीत से ही यह विचार भावित करता आ रहा है। इस दृष्टि से दीपावली का लोक-उत्सव जीवन के हर क्षेत्र -घर-बार, खेत-खलिहान, रोजी-रोटी और व्यापार-व्यवहार सबसे जुड़ा हुआ है। इस अवसर पर भारतीय गृहस्थ की चिंता होती है घर-बाहर के परिवेश को स्वच्छ करना और निर्मल मन के साथ उत्साहपूर्वक आगामी चुनौतियों के लिए अपने को तैयार करना। प्रकृति की लय के साथ अपनी लय मिलाते हुए यह त्योहार जीवन में सुख , समृद्धि , उत्साह और गति के उत्सुक स्वागत का अवसर होता है । इसका मुख्य आकर्षण है शक्ति के केंद्र प्रकाश की ऊर्जा से अपने आप को पुष्ट और संवर्धित करना। सनातन के साथ पुराणी युवती का तालमेल बिठाती भारतीय संस्कृति में बहुत पहले यह समझ लिया गया था कि यंत्रवत दुहराते रहने की जगह अपना परिष्कार करना और अपने को पुनर्नवा करते रहना ही जीवन का रहस्य है। उसी में जीवंतता का प्रमाण मिलता है। यह इसलिए भी जरूरी अनुभव किया गया क्योंकि काल कभी स्थिर नहीं रहता और उसके प्रवाह में नित्य कुछ नया होता रहता है जिसे अनसुना करना ठीक नहीं है। देश-काल के साथ सुसंगत बने रहते हुए ही हम प्रगति कर सकते हैं । इसी भाव से गाँव हो या शहर बच्चे बूढ़े हर जगह हर किसी को प्रतिवर्ष वर्षा ऋतु के बाद शीत के आरम्भ की संधि वेला में दीपावली की आतुरता से प्रतीक्षा रहती है। यह भी अकारण नहीं है कि कार्तिक यानी अक्तूबर के महीने में भारतीय उत्सवों की भरमार होती है ।यह प्रकृति की सुषमा का ही प्रकटन है कि विजया दशमी से जिस मंगल-यात्रा की शुरूआत होती है वह पूरे महीने भर चलती रहती है। नव-रात्रि में दुर्गा की आराधना और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मचती है । फिर आती है विजयादशमी। भगवान रामचंद्र द्वारा राक्षस -राज रावण के संहार को याद किया जाता है और रावण-दहन होता है।

## कौन-कौन मनाता है प्रकाशोत्सव

आर.के. सिन्हा

**भारत** से हजारों किलोमीटर दूर बसे भारतवंशी और भारत में रहने वाले करोड़ों गैर-हिन्दू भी प्रकाशोत्सव से अपने को जोड़ते हैं। दिवाली हिन्दू पर्व होते हुए अपने आप में व्यापक अर्थ लिए हैं। यह तो अंधकार से प्रकाश की तरफ लेकर जाने वाला त्योहार है। अंधकार व्यापक है, रोशनी की अपेक्षा। क्योंकि अंधेरा अधिक काल तक व्याप्त रहता है, अधिक समय तक रहता है। दिन के पीछे भी अंधेरा है, रात का। दिन के आगे भी अंधेरा है, रात का। भारत से बाहर बसे करीब ढाई करोड़ भारतीय मूल के लोग संसार के अलग-अलग देशों में प्रकाश पर्व को मनाते हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 24 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में दीपावली मनाएंगे, जबकि उनके पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप की अपने फ्लोरिडा स्थित मार-ए-लागो रिजॉर्ट में 21 अक्टूबर को यह त्योहार मनाने की योजना है। बाइडन की भारतीय अमेरिकी समुदाय के प्रतिष्ठित सदस्यों और उनके प्रशासन के सदस्यों के साथ दीपावली मनाने की योजना है। प्रथम महिला जिल बाइडन भी 24 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में होने वाले इस उत्सव में शामिल होंगी। इस बीच, रिपब्लिकन हिंदू गठबंधन (आरएचसी) ने मंगलवार को घोषणा की कि ट्रंप अपनी पार्टी के सदस्यों और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेताओं के साथ 21 अक्टूबर को अपने मार-ए-लागो रिजॉर्ट में दीपावली मनाएंगे। हिन्दू मां की बेटी अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने पिछले साल दीपावली मना रहे दुनियाभर के लोगों और सभी अमेरिकियों को दीपों के उत्सव की बधाई दी थी। उन्होंने कहा, यह उत्सव हमें अपने देश के सबसे पवित्र मूल्यों, परिवार और दोस्तों के प्यार के लिए हमारे आभार, जरूरतमंद लोगों के प्रति मदद का हाथ बढ़ाने की हमारी जिम्मेदारी और अंधेरे पर रोशनी को चुनने की हमारी ताकत, ज्ञान और बुद्धिमत्ता की तलाश, अच्छाई और अनुग्रह का स्त्रोत बने रहने की याद दिलाता है। हमारे परिवार की ओर से मैं आप सभी को दिवाली की शुभकामनाएं देती हूं। अभी मैं सिंगापुर गया था कपूरा सिंगापुर इस तरह से सजाया गया है जैसे कि चाइनीज नव वर्ष पर सजाते हैंकपूछने पर पता चला कि दीपावली पर पूरे शहर को सजाने का काम सिंगापुर की सरकार द्वारा किया जाता है। इस बीच, कैरिबियाई टापू देशों जैसे त्रिनिडाड-टोबेगो तथा गुयाना में भारतवंशी बहुत उत्साह और प्रेम के साथ मनाते हैं दीपोत्सव। इनमें त्योहारों का अंत होता दिवाली मनाकर। इससे पहले गणेश पूजा, पितृपक्ष, नवरात्रि और रामलीला मनाई जाती है। त्रिनिडाड-टोबैगो के राजधानी के वसंत विहार में स्थित हाई कमीशन में हर बार दिवाली परम्परागत और उत्साह से मनाई जाती है। कुछ साल पहले तक यहां त्रिनिडाड- टोबैगो के हाई कमिश्नर पंडित मणिदेव प्रसाद खुद दिवाली पर हाई कमीशन परिसर के बाहर रंगोली बनवाते हुए मिल जाते थे। गयाना, मारीशस, फीजी, सूरीनाम में दिवाली भव्य तरीके से मनाई जाती है। उनके भारत की राजधानी स्थित हाई कमीशन में काम करने वाले भारतवंशी राजनयिक भी दिवाली भारतीय परंपराओं और संस्कारों के अनुसार मनाते हैं। इनके पूर्वज 150 साल से भी पहले सात समंदर पार चले गए थे।

# गुजरात के शिक्षा उपक्रमों को आप की नकल कहना गलत

ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के गुजरात में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के उद्घाटन पर आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल एवं उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने जो प्रतिक्रिया व्यक्त की है वह हास्यास्पद होने के साथ अतिश्योक्तिपूर्ण है। मोदी छात्रों के बीच गए और उनके साथ एक स्मार्ट क्लास में बैठे। उन्होंने कुछ देर स्मार्ट क्लास का जायजा लिया और एक छात्र द्वारा बताई गई बातों को ध्यान से सुना। इन सब घटनाओं को केजरीवाल की नकल करार देना निश्चित ही विरोधाभासी है। भले ही आप पार्टी ने शिक्षा की दृष्टि से दिल्ली में उल्लेखनीय काम किया है, लेकिन गुजरात में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस एवं गुजरात में चल रहे शिक्षा उपक्रमों को आप की नकल कहना एक तरह से आम आदमी पार्टी द्वारा गुजरात में अपनी राजनीति चमकाने का घटिया एवं अलोकतांत्रिक तरीका है। यह मूल्यहीन राजनीति की पराकाष्ठा है। आम आदमी पार्टी का यह आरोप सिरे से गलत है कि गुजरात में शिक्षा उपक्रम आप की नकल है। तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने कार्यकाल में सर्वाधिक जोर शिक्षा पर ही दिया था, उन्होंने न केवल शिक्षा का स्तर उन्नत बनाया बल्कि स्कूल की दशा को सुधारते हुए उसे आधुनिक तकनीक से जोड़ा। सच्चाई यह है कि नरेंद्र मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री रहने के समय से लेकर लाल किला से प्रधानमंत्री के रूप में बोलते हुए बार-बार भारत की शिक्षा पद्धति एवं सरकारी स्कूलों को उन्नत बनाने का अभिनव कार्य किये। केजरीवाल का यह कहना कि भाजपा गुजरात में 27 साल से सत्ता में है। 27 साल से भाजपा सरकारी स्कूलों की स्थिति में सुधार नहीं कर सकी। दिल्ली में हमने 5 साल में सरकारी स्कूलों में सुधार किया। यह बयान वास्तविकता से परे हैं, इसमें सच्चाई नहीं है। सरकारी स्कूलों में दिल्ली से ज्यादा सुधार गुजरात में हुआ है। दिल्ली की सरकारी स्कूलों की वास्तविक दशा आज भी जर्जर है, बैठने से लेकर स्वस्थ पानी की व्यवस्था नहीं है। प्रिंसिपल से लेकर शिक्षकों के पद खाली पड़े हैं। नरेन्द्र मोदी भारत राष्ट्र के नव-निर्माण के शिल्पी है, उनके नेतृत्व में ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 घोषित हुई है। निश्चित ही गुजरात के गांधीनगर में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की शुरूआत शिक्षा



में क्रांतिकारी बदलाव का माध्यम बनेगी। नई शिक्षा नीति गुलामी की मानसिकता बदलेगी और अब गरीब का बेटा भी डॉक्टर, इंजीनियर बन सकेगा। आज शिक्षा व्यवस्था बेहद स्मार्ट हो गई है और गुजरात की शिक्षा व्यवस्था में काफी शानदार बदलाव देखने को मिल रहे हैं। निश्चित ही आज गुजरात अमृत काल की अमृत पीढ़ी के निर्माण की तरफ बहुत बड़ा कदम उठा रहा है। विकसित भारत के लिए, विकसित गुजरात के निर्माण की तरफ ये एक मील का पत्थर सिद्ध होने वाला है। 5जी, स्मार्ट सुविधाएं, स्मार्ट क्लासरूम, स्मार्ट टीचिंग से आगे बढ़कर हमारी शिक्षा व्यवस्था को एक अलग ही लेवल पर ले जाएगा। अब वर्चुअल रिएलिटी, इंटरनेट ऑफ थिंग्स की ताकत को भी स्कूलों में अनुभव किया जा सकेगा। केंद्र सरकार ने पूरे देश में साढ़े 14 हजार से अधिक पीएम श्री स्कूल बनाने का फैसला किया है, ये स्कूल पूरे देश में नई नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के लिए मॉडल स्कूल का काम करेंगे। शिक्षा से जुड़ी ये योजनाएं नये भारत के निर्माण की ओर बड़ा कदम है। गुजरात में मिशन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत स्कूलों में 50,000 नए क्लासरूम, 1 लाख से अधिक स्मार्ट क्लासरूम को आधुनिक रूप में विकसित किया जाएगा। मोदी ने गुजरात में शिक्षा की दृष्टि से क्रांतिकारी उपक्रम किये। मैं स्वयं इसका साक्षी हूं कि 2007 में सुखी परिवार फाउण्डेशन के एक कार्यक्रम में गणि राजेन्द्र विजयजी के सान्निध्य में मोदी आदिवासी अंचल कवांट में आये। उन्होंने आदिवासी बच्चों की शिक्षा की दृष्टि आगे होकर एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय सुखी परिवार फाउण्डेशन को प्रदत्त किया। आज वह विद्यालय देश के सभी एकलव्य विद्यालयों में अव्वल है। आदिवासी बच्चे अपनी प्रतिभा का लोहा राष्ट्र स्तर पर मनवा रहे हैं। मोदी ने खुद उस दौर का जिक्र किया जब वो गुजरात के मुख्यमंत्री थे। उन्होंने कहा कि, मैंने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए गांव-गांव जाकर खुद, सभी लोगों से अपनी बेटियों को स्कूल भेजने का आग्रह किया था। आज नतीजा ये हैं कि गुजरात में करीब-करीब हर बेटा-बेटी स्कूल पहुंचने लगा है, स्कूल के बाद कॉलेज जाने लगा है। उनकी ही दिशा-निर्देशों पर दो दशकों में गुजरात सरकार ने अपने राज्य शिक्षा का कायाकल्प करके दिखा दिया है। इन दो दशकों में गुजरात में सवा लाख से अधिक नए क्लारूम बने, दो लाख से ज्यादा शिक्षक भर्ती किए गए हैं।

विचित्र लगता है जब खुद चोर कोतवाल को चोर कहे। यह सर्वविदित है कि केजरीवाल मोदी की नकल कर-करके अपनी राजनीति को चमकाते रहे हैं। पश्चिमी विचारक शिलर ने कहा भी है कि मानव नकल करने वाला प्राणी है और जो नकल करने में सबसे आगे होता है वही नेतृत्व करता है। आज की राजनीति में यही देखने को मिलता है। सत्ता के मोह ने, वोट के मोह ने शायद ऐसे राजनेताओं के विवेक का अपहरण कर लिया है। कहीं कोई स्वयं शेर पर सवार हो चुका है तो कहीं किसी नेवले ने सांप को पकड़ लिया है। न शेर पर से उतरते बनता है, न सांप को छोड़ते बनता है। मुफ्त सुविधाएं वाले नेता, शिक्षा एवं चिकित्सा के पुरोधा आज जन विश्वास का हनन करने लगे हैं। जनादेश की परिभाषा अपनी सुविधानुसार करने लगे हैं। कोई किसी का भाग्य विधाता नहीं होता। कोई किसी का निमार्ता नहीं होता। भारतीय संस्कृति के इस मूलमंत्र को समझने की शक्ति भले ही वर्तमान राजनीतिज्ञों में न हो, पर इस नासमझी से सत्य का अंत तो नहीं हो सकता। अंत तो उसका होता है जो सत्य का विरोधी है, ईमानदारी से हटता है। अंत तो उसका होता है जो जनभावना के साथ विश्वासघात करता है, जनता को गुमराह करता है और झूठ को सच का बनाकर प्रस्तुत करता है।

> चाहे चुनावी मंच हो, किसी दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री का दिल्ली आगमन हो या फिर विदेशों से आने वाले राजनयिक मेहमान केजरीवाल सरकार दिल्ली के शिक्षा मॉडल को ही सबसे आगे पेश करती है और संभवतः केजरीवाल सरकार की उपलब्धियों के नाम पर दो ही उपक्रम हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक

कई राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अरविंद केजरीवाल के काम करने की स्टाइल बहुत हद तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मेल खाती है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात को एक मॉडल बनाकर अपने को राजनीतिक तौर पर प्रोजेक्ट किया, उसी प्रकार अरविंद केजरीवाल दिल्ली मॉडल को हर चुनाव में बेचने की कोशिश कर रहे हैं। मोदी के राजनीतिक प्रयोगों को अपनाकर ही केजरीवाल राजनीति करते हैं। केजरीवाल के प्रचार से लेकर योजनाओं, भाषणों से लेकर जनता को लुभाने के सभी तौर-तरीके मोदी जैसे ही है। जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रवाद को अपनी सबसे बड़ी ताकत बनाए हुए हैं, उसी तरह अरविंद केजरीवाल भी हर बात पर राष्ट्रवाद को भुनाने की कोशिश करते हुए दिखाई पड़ते हैं। इसीलिये आजकल वे भगतसिंह को आगे रखते हैं। वे भारत के पहले नेता हैं जो एक राज्य का मुख्यमंत्री होते हुए भी पूरे भारत को दुनिया में नंबर एक बनाने के लिए प्लान लॉन्च करते हुए दिखाई देते हैं। भाजपा और नरेंद्र मोदी की तरह वे तिरंगा फहराने या हिंदुत्व के मुद्दे पर हर जगह लीड लेने की कोशिश करते हैं। शिक्षा के मामले में भी उनकी यही स्थिति हैं। निश्चित ही देश ही नहीं, दुनिया के अनेक देशों में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार के शिक्षा मॉडल का जिक्र हो रहा है या जबरन कराया जा रहा है। चाहे चुनावी मंच हो, किसी दूसरे राज्य के मुख्यमंत्री का दिल्ली आगमन हो या फिर विदेशों से आने वाले राजनयिक मेहमान केजरीवाल सरकार दिल्ली के शिक्षा मॉडल को ही सबसे आगे पेश करती है और संभवतः केजरीवाल सरकार की उपलब्धियों के नाम पर दो ही उपक्रम हैं एक शिक्षा एवं दूसरा मौहल्ला क्लीनिक। दिल्ली के सरकारी कहा जाता है कि स्कूलों की दशा एवं दिशा ही नहीं सुधरी है, बल्कि उनके परीक्षा परिणामों ने चौंकाया है। दिल्ली से शुरू हुई उन्नत शिक्षा की एक सार्थक पहल देश के अन्य प्रांतों द्वारा अपनायी जाना चाहिए।

# वसुंधरा समर्थकों के घर वापसी पर लगी रोक

रमेश सर्राफ धमोरा

**राजस्थान** में अगले विधानसभा चुनाव होने में करीबन एक साल का समय बाकी रह गया है। चुनाव लड़ने के इच्छुक नेता अब चुनावी मैदान में आकर लोगों से जन संपर्क करना शुरू कर दिया है। मगर राजस्थान में सत्तारूढ़ दल कांग्रेस व मुख्य विपक्षी दल भाजपा में बड़े नेताओं की लड़ाई मिटने का नाम नहीं ले रही है। जिससे दोनों ही बड़े दलों का चुनावी अभियान भी प्रभावित हो रहा है। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जहां अपनी कुर्सी बचाने के लिए अपने पूरे दाव पेच आजमा रहे हैं। वही उनके विरोधी पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट कांग्रेस आलाकमान के भरोसे मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रहे हैं।

भाजपा की स्थिति तो कांग्रेस से भी अधिक खराब है। जहां कांग्रेस में गहलोत व पायलट के दो ही खेमे है। वहीं भाजपा में तो हर बड़े नेता का अपना खेमा है। आपसी गुटबाजी को मिटाने के लिए भाजपा के बड़े नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन महासचिव बीएल संतोष लगातार राजस्थान का दौरा कर पार्टी के सभी नेताओं को एकजुट करने का प्रयास करते हैं। मगर जैसे ही दिल्ली से आए बड़े नेता राजस्थान से बाहर निकलते हैं। उसके तुरंत बाद ही प्रदेश भाजपा के नेता फिर से एक दूसरे की टांग खिंचाई में लग जाते हैं।

भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया आज भी खुद के मुख्यमंत्री होने का भ्रम पाले हुए हैं। उनका व्यवहार पूर्व मुख्यमंत्री का न होकर आज भी मुख्यमंत्री की तरह का ही रहता है। वसुंधरा राजे मानती है कि राजस्थान में भाजपा की सबसे बड़ी नेता वही है। उनके बिना कभी भी प्रदेश में भाजपा की सरकार नहीं बन सकती है। एक समय था जब राजस्थान में वसुंधरा का मतलब ही भाजपा होता था। मगर अब समय पूरी तरह से बदल चुका है। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा में क्षेत्रीय नेता कमजोर पड़े हैं। वहीं केंद्रीय नेतृत्व मजबूत हुआ है। आज भाजपा में सारे फैसले मोदी, शाह, नड्डा करते है। दिल्ली आलाकमान का फरमान ही भाजपा में कानून माना जाता है जिसे सभी मानने को बाध्य होते हैं। राजस्थान को लेकर भी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की सोच कुछ ऐसी ही मानी जाती है। मोदी, शाह की जोड़ी ने 2018 के विधानसभा चुनाव में वसुंधरा राजे को पूरा फ्री हैंड दिया था तथा उनको ही नेता प्रोजेक्ट कर राजस्थान विधानसभा का चुनाव लड़ा गया था। मगर उस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धुआंधार प्रचार के बावजूद भाजपा चुनाव हार गई थी।

उस समय वसुंधरा राजे का सबसे अधिक विरोध उनके ही राजपूत समाज द्वारा किया गया था। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभाओं में वसुंधरा राजे की उपस्थिति के दौरान ही जनता द्वारा वसुंधरा के खिलाफ नारेबाजी की जाती थी कि मोदी तुझसे बैर नहीं वसुंधरा तेरी खैर नहीं। और उस समय प्रदेश की जनता द्वारा वसुंधरा राजे के खिलाफ की गई नारेबाजी शत प्रतिशत सही भी साबित हुई थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में भाजपा जहां 163 से 73 सीटों पर सिमट गई थी। वहीं 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा लगातार दूसरी बार सभी 25 लोकसभा जीतने में सफल रही थी। उस समय के चुनाव परिणामों से भी वसुंधरा का विरोध जाहिर हो जाता है। विधानसभा चुनाव हारने के बाद भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को राजस्थान की राजनीति से दूर कर उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बना दिया था। राजस्थान में वसुंधरा विरोधी धड़े के डा. सतीश पूनिया को प्रदेश अध्यक्ष व गुलाबचंद कटारिया को विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष बना दिया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनने के बावजूद वसुंधरा राजे का मन दिल्ली में नहीं लगा और वह लगातार राजस्थान में ही सक्रिय रहने का प्रयास करने लगी। समय-समय पर वसुंधरा राजे गुट के नेताओं ने उनके पक्ष में अभियान चलाकर उन्हें राजस्थान में नेता प्रोजेक्ट करने की मांग भी करते रहे। मगर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पूनिया व उनकी टीम को काम करने के लिए फ्री हैंड दे दिया। संगठन में भी वसुंधरा समर्थकों को ज्यादा तवज्जो नहीं मिली। वसुंधरा ने कई बार प्रदेश में यात्राएं निकालने का प्रयास किया मगर भाजपा आलाकमान ने उनको इजाजत नहीं दी। जिससे उनको अपने कई कार्यक्रम रद्द भी करने पड़े थे। अब विधानसभा चुनाव नजदीक देखकर वसुंधरा राजे फिर से सक्रिय हो रही है। देव दर्शन यात्रा के बहाने वह प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर अपने समर्थकों के माध्यम से अपनी ताकत का एहसास करा रही है। हाल ही में उन्होंने बीकानेर के देशनोक में करणी माता मंदिर में दर्शन करने के बाद वहां एक बड़ी जनसभा का को संबोधित किया था। उन्होने उसी दिन बीकानेर में भी एक बड़ी जनसभा को संबोधित किया था। बीकानेर जनसभा में वसुंधरा राजे पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी को पार्टी में फिर से शामिल करवाना चाहती थी। मगर पार्टी संगठन ने इजाजत नहीं दी फलस्वरूप देवी सिंह भाटी की भाजपा में घर वापसी नहीं हो सकी। यह वसुंधरा राजे के लिए एक बड़ा झटका था। देवी सिंह भाटी बीकानेर क्षेत्र के बड़े नेता माने जाते हैं और पिछले लोकसभा चुनाव में अर्जुन राम मेघवाल को प्रत्याशी बनाने से नाराज होकर भाजपा छोड़ दी थी। मगर अब वह पार्टी में फिर से घर वापसी चाहते हैं और इसकी उन्होंने घोषणा भी कर दी थी। भाटी को पार्टी में शामिल नहीं होने से उनकी बहुत किरकिरी हुई। जिससे नाराज होकर उन्होंने वसुंधरा राजे व उनके समर्थकों को जमकर खरी-खोटी भी सुनाई।

देवी सिंह भाटी की घर वापसी रोकने के साथ ही पार्टी आलाकमान ने अर्जुन राम मेघवाल व वासुदेव देवनानी सहित कुछ अन्य नेताओं की एक स्क्रीनिंग कमेटी बना दी है। जो पार्टी में शामिल होने वाले नेताओं के बारे में एक रिपोर्ट बनाकर प्रदेश अध्यक्ष को सौपेगी। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष निर्णय करेंगे कि शामिल होने वाले नेताओं को शामिल किया जाए या नहीं। स्क्रीनिंग कमेटी बनने से वसुंधरा समर्थक पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी, सुरेंद्र गोयल, राजकुमार रिणवा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, पूर्व विधायक विजय बंसल सहित कई नेताओं की घर वापसी लटक गई है। वहीं पूर्व में वसुंधरा वसुंधरा राजे के कट्टर विरोधी रहे घनश्याम तिवाड़ी कि ना केवल भाजपा में घर वापसी ही हुई बल्कि उन्हें राज्यसभा में भी भेजा जा चुका है तिवारी 2018 में वसुंधरा से नाराज होकर अपनी अलग पार्टी बनाकर चुनाव लड़े थे। उसके बाद वह कांग्रेस में शामिल हो गए थे। पूर्व केंद्रीय मंत्री नटवर सिंह के बेटे जगत सिंह को भी फिर से भाजपा में शामिल कर भरतपुर का जिला प्रमुख बनवाया जा चुका है। इसके अलावा पूर्व मंत्री लक्ष्मीनारायण दवे, राधेश्याम गंगानगर, हेमसिंह भड़ाना, धनसिंह रावत, सुखराम कोली, अनिल शर्मा, जीवाराम चौधरी, विमल अग्रवाल, प्रभुदयाल सारस्वत, राजेश दीवान, कुलदीप धनकड़, देवीसिंह शेखावत, महेंद्र सिंह भाटी, अजय सोनी, प्रहलाद टांक, अतरसिंह पगरिया, रत्ना कुमारी, देवेंद्र रावत, विक्रम सिंह जाखल सहित कई लोगों की घर वापसी हो चुकी है। इन्होंने पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी से बगावत कर चुनाव लड़ा था। वसुंधरा समर्थकों की घर वापसी रोककर पार्टी आलाकमान ने उन्हें सीधा संदेश दे दिया है कि राजस्थान में अब उनके मुताबिक राजनीति नहीं होगी। पार्टी नेतृत्व ही फैसले करेगा। अब आगे देखना है कि वसुंधरा राजे भाजपा आलाकमान के समक्ष हथियार डालकर समर्पण कर देती है या बगावत कर अपनी ताकत दिखाती हैं। इस बात का पता तो आने वाले समय में ही चल पाएगा।

# हरियाणा की खेल नीति श्रेष्ठ किंतु सर्वश्रेष्ठ बनाने की जरूरत

डॉ उमेश प्रताप वत्स

**बच्चों** को हम देश का भावी निर्माता मानते हैं। बच्चें हर मात-पिता की उम्मीद, उनका सपना होते हैं। हंसते - खेलते, मुस्कराते बच्चें सबको भाते है। बच्चों के सर्वांगीण विकास में खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन खेलों द्वारा बालकों में निर्णय लेने की क्षमता , मिलकर काम करने की भावना, सहयोगी, समायोजन , समन्वय , व्यवहारिक, सद्भाव , साहस जैसे गुणों का स्वभाव में स्वतः ही विकास हो जाता है। निसंदेह खेल का मुख्य उद्देश्य, शारीरिक और मानसिक व्यायाम है। एक प्रसिद्ध कोटेशन है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क वास करता है। व्यक्ति की विचार करने की, कार्य करने की क्षमता बढ़ जाती है। खेल के नियमित अभ्यास से हम अधिक सक्रिय और स्वस्थ रह सकते हैं। खेलों में भाग लेने से हम रक्त संक्रमण, उच्च-निम्न रक्तदाब, गठिया, मोटापा, हृदय की समस्या, मधुमेह, आदि बहुत सी बीमारियों से बच सकते हैं। अस्वस्थ व्यक्ति समाज में सदैव स्वयं को निस्सहाय अनुभव करता है, धीरे-धीरे वह हीन भावना का शिकार हो जाता है। यद्यपि वर्तमान समय में खेल केवल खेल न होकर कैरियर बनाने का साधन बन गया है। आज ग्रामीण परिवेश में युवा लड़के सुबह-सुबह सड़कों पर खेत जाते गौहर पर अथवा स्टेडियम में प्रायः दौड़ लगाते मिल जायेंगे क्योंकि कोई पुलिस या फौज में भर्ती होने के प्रयास में जुटा है तो कोई क्रॉसकंटरी लंबी रेस की तैयारी कर रहा है। अधिकतर युवाओं का मुख्य उद्देश्य यही है कि कहीं न कहीं कोई सरकारी जॉब मिल जाये। जॉब ओरिएंटल होने के साथ ही युवाओं का ध्यान स्वास्थ्य की ओर भी गया है तभी गली-गली में जिम, फिटनेस सेंटर, कराटे एकेडमी, योगा सेंटर आदि खुले हुए हैं जो हजार-पन्द्रहसौ मासिक शुल्क लेकर शरीर सौष्ठव एवं आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण दे रहे हैं। सरकार द्वारा विशेषरूप से हरियाणा सरकार द्वारा खिलाड़ियों को पहले से कहीं अधिक सुविधाएं एवं पुरस्कार राशि ने भी खिलाड़ियों एवं उनके अभिभावकों को आकर्षित किया है। ओलम्पिक खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों पर भी इस बार हमारी सरकार ने खेल सामग्री एवं खेल अभ्यास, खेल प्रशिक्षण के लिए भी आर्थिक सहयोग आदि पर उचित बजट प्लान किया था। इसका एक उदाहरण गोल्डन जैवलिन थ्रो करने वाले खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के रूप में इस प्रकार है। सरकार ने नीरज चोपड़ा को तैयार करने में पूरे 7 करोड़ रुपये खर्च किए। नीरज के प्रशिक्षण पर स्पोर्ट्स अथोर्टी ऑफ इंडिया ने 4.85 करोड़ रुपए खर्च किए। प्रशिक्षण देने वाले विदेशी कोच को 1.22 करोड़ रुपए सैलरी दी गई। विदेश में उनकी ट्रेनिंग और टूनार्मेंट में हिस्सा लेने के लिए 450 दिनों में 4.85 करोड़ रुपए खर्च हुए। इस दौरान नीरज ने 26 टूनार्मेंट्स में भाग लिया। साथ ही उन्होंने दक्षिण अफ्रीका, पोलैंड, टर्की, फिनलैंड, चेक रिपब्लिक और स्वीडन में ट्रेनिंग कैम्प्स में भी हिस्सा लिया। वहीं टोक्यो ओलिंपिक से पहले नीरज अपनी तैयारियों के तहत यूरोपियन टूनार्मेंट में भाग लेने गए और 50 दिन तक स्वीडन में ट्रेनिंग कैंप में हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग पर स्पोर्ट्स अथोर्टी ऑफ इंडिया की ओर से 19 लाख 22 हजार रुपए खर्च किए गए। भारत सरकार की इस नीति के कारण ही इस बार भारतीय खिलाड़ियों ने 7 मेडल जीते जो भारत द्वारा अब तक किसी भी ओलिंपिक में जीते गये सबसे ज्यादा मेडल हैं। इससे पहले भारतीय खिलाड़ियों ने 2012 लंदन ओलिंपिक में 6 मेडल जीते थे। नीरज ने फाइनल में 87.58 मीटर का थ्रो करके दुनिया के दिग्गज जैवलिन थ्रोअर्स को मात दी। नीरज इंटरव्यू में कह चुके हैं कि ओलिंपिक में उनके विदेशी कोच का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नीरज चोपड़ा 2016 रियो ओलिंपिक के बाद से ही विदेशी कोचों की निगरानी में कोचिंग कर रहे हैं। पहले उन्होंने 2017 से 2019 के बीच जेवलिन थ्रो के महान खिलाड़ी उवे होने की निगरानी में ट्रेनिंग की और उसके बाद डॉ. क्लाउड बार्टोनिट्ज के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ली। टोक्यो में भी क्लाउड उनके साथ थे।

इन विदेशी कोचों की सैलरी पर 1 करोड़ 22 लाख रुपए खर्च किए गए। वहीं उनके जेवलिन पर 4 लाख 35 हजार रुपए खर्च किए गए। जिसका सुखद परिणाम यह हुआ कि नीरज ने भारत के 121 साल के ओलिंपिक इतिहास में पहली बार ट्रैक एंड फील्ड में गोल्ड मेडल जीता।

## देसी साहब-विदेशी कुत्ता

डॉ. सुरेश कुमार

**देसी** साहब अभी-अभी उठे हैं और रंग का ओवरकोट पहनकर टहलने की तैयारी कर रहे हैं। रंग के ओवरकोट की जरा ठहरकर बात करने से पहले उनके पालतू टॉमी कुत्ते के बारे में बात कर लें ! हाँ, तो साहब जाग उठे हैं, पर कुत्ता अभी गहरी नीद सोया हुआ है। वह शायद किसी इंग्लिस्तानी बिलवेट के सपने ले रहा है ! देसी चीजें उसके कमर तले नही भाती। इंग्लैंड में अब देसी आदमी इम्पोर्ट नहीं हो सकते, पर अंग्रेजी कुत्ते हो सकते हैं। देसी साहब प्रयत्न करेंगे कि उसके लिए इंग्लैंड की ही किसी बिच (कुतिया) का प्रबंध किया जाए। देसी साहब भी अंग्रेजी कुत्ते के बहाने विदेश यात्रा कर आएंगे। देसी साहब बड़े ही प्यार से अपने अंग्रेजी कुत्ते को जगाते हैं। सिर पर मोहब्बत से हाथ फेरते हैं और बड़े ही मधुर स्वर में 'टॉमी-टॉमी' का राग अलापते हैं। कुत्ता अपनी आलस्यपूर्ण पलकें खोलता है। और अपने देसी साहब को देखकर चूँ-चूँ करने लगता है। शायद जल्दी जगा देने पर गुस्सा दिखा रहा है। समझ ही नहीं आता कि क्या कह रहा है! अंग्रेजो की तरह बोलता है न! अवश्य ही कह रहा होगा : "यू स्टुपिड काण्ट सी? आई वाज हैविंग लवली ड्रीम ऑफ माय इंग्लिश बिलवेड!" देसी साहब को बिलकुल गुस्सा नहीं आता! गोरी चमड़ी वाले मालिक सदियों से हमारे साहब लोगों को 'इंडियन डॉग' कहते आ रहे हैं, बल्कि जब वह 'ब्लैक डॉग' कहते थे, तो हमारे देसी साहब के पूर्वज दुम हिलाते हुए सिजदे में बिछ-बिछ जाते थे। फिर यह देसी साहब अपनी खानदानी परंपरा को कैसे भुला सकते हैं।

# खडगे के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों में खुशी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राज्यसभा सांसद मल्लिका अर्जुन खडगे के निर्वाचित होने पर कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अगुवाई में कांग्रेसियों ने खुशी जताते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाई।

गुरुवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि देश में केवल कांग्रेस ही है, जो लोकतांत्रिक ढंग से संगठन का चुनाव कराती है। अन्य किसी दल में चुनाव नही होते। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन चुनाव में पूरे देश में प्रतिनिधि वोट देकर अध्यक्ष का चुनाव करते हैं।



नवनिर्वाचित अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडगे कर्नाटक में नौ बार विधायक, मंत्री, सांसद, केन्द्रीय मंत्री के पदों पर रह चुके हैं। कांग्रेस ने दलित समुदाय के व्यक्ति के हाथों में कांग्रेस की बागडोर सौंपी हैं। इससे संगठन को मजबूती मिलेगी।

उन्होने कहा कि जिस तरह से पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत जोडो यात्रा पदयात्रा से लोग जुड रहे हैं, आने वाले दिन कांग्रेस के होंगे। कांग्रेस महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ जनान्दोलन खडा कर केन्द्र में बैठी तानाशाह सरकार को उखाड फेंकने का काम करेगी।

इस मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी त्रियुगीनारायण शुक्ला, अवधेश करवरिया, कामता द्विवेदी, अनिल गुप्ता, अरुण गुप्ता, शिवगुलाम वर्मा, चुनबाद प्रसाद, अजीत मिश्रा, ओमप्रकाश गुप्ता, पूर्व प्रत्याशी रंजना बरातीलाल पाण्डेय, यमुना शुक्ला, शिवशंकर खंगार, राकेश वर्मा, भोला नामदेव, सत्यनारायण, कालीचरन राजपूत व पवन ने खुशी जाहिर की।

# महिलाओं के मामले में तत्काल करें कार्यवाही: डीएम

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि महिला संबंधी मामलों में सुनवाई कर जल्द मुकदमों को निपटायें।



गुरुवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कलेक्टेज्ट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि लम्बित मामलों को अलग कर कार्यवाही करायें। पाक्सो के मामले में तत्काल कार्यवाही कर सम्मन तामील किये जायें। एएसपी से कहा कि पाक्सो एक्ट के मामलों के कार्य की समीक्षा करें। जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलायें। एसडीएम व सीओ तथा खनिज अधिकारी, एआरटीओ से कहा कि अवैध खनन माफियाओं एवं ओवरलोडिंग के खिलाफ कार्यवाही करें। खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन से भी प्रभावी कार्यवाही की अपेक्षा की।

उन्होंने दीपावली मेला के मद्देनजर एआरटीओ प्रवर्तन से अभियान चलाकर मेला दौरान ओवरलोड सवारियों की जांचकर कार्यवाही करें। बैठक में एडीएम कुंवर बहादुर सिंह, एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी, एसडीएम सदर राजबहादुर, मऊ नवदीप शुक्ला, राजापुर प्रमोद कुमार झां, मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव, एआरटीओ प्रवर्तन विवेक शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी राजेन्द्र कुमार यादव, खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# स्कूली वाहनों में क्षमता से अधिक न बैठायें बच्चे: टीएसआई

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर दीपावली मेला के मद्देनजर सीओ यातायात एसपी सोनकर की देखरेख में यातायात प्रभारी योगेन्द्र कुमार यादव की टीम ने विभिन्न स्कूलों में चल रहे वाहनों की जांच की।



बुधवार को देर शाम यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव की टीम ने विभिन्न स्कूलों में चल रहे वाहनों का फिटनेस, बीमा, प्रदूषण, जीपीएस, कैमरा, स्पीड गर्वनर देखकर चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच की। जांच दौरान जिन वाहनों में सुरक्षा जालियां नहीं मिलीं, उनमें तत्काल लगवाने के निर्देश दिये। वाहनों में मौजूद फर्स्ट एड बाक्स की जांचकर फायर सिलेंडर की वैधता देखते हुए चलाकर देखा।

यातायात प्रभारी ने वाहन चालकों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि बच्चों को लाने व ले जाने व उतारने-चढाने, रोड क्रास कराते समय सडक किनारे वाहन को खडा करें। निर्धारित सीट अनुसार बच्चों को वाहन में बैठायें। सर्तकता पूर्वक ध्यान से धीमी गति से वाहन चलायें। वाहन चलाते समय आंखों की जांच भी समय-समय पर कराते रहें।

# मुख्यमंत्री के समक्ष पीड़िता करेगी आमरण अनशन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के बारामाफी गांव की सोना देवी पुत्री राजकरन ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत महिला थानाध्यक्ष कर्वी को लिखे पत्र में कहा कि गुंडों के खिलाफ कार्यवाही न होने पर पीड़िता मुख्यमंत्री के समक्ष आमरण अनशन को बाध्य होगी।

गुरुवार को पहाडी थाना क्षेत्र के बारामाफी गांव की सोना देवी पुत्री राजकरन ने कहा कि पीड़िता ने पहाडी थाने में पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तीस सितम्बर 2022 को गुंडों के खिलाफ अपराध संख्या 141/2022 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तब से गुंडे किस्म के रामऔतार, गोरेलाल, ऊषा, सरोजा, संगीता ने एकराय होकर छह अक्टूबर की रात आठ बजे उसके घर में घुसकर बुरी नीयत से हमलाकर मारपीट कर गालियां देनी शुरू कर दी। गुंडों ने चेताया कि वह उसकी इज्जत लूटकर रहेंगे। पीडिता की गुहार पर लोगों ने बीच-बचाव कर दिया। गैंग बनाकर गुंडे दहशत फैलाते हुए पीड़िता को अपने कब्जे में लेकर मनमानी करना चाहते हैं।

पीड़िता ने कहा कि गुंडों के खिलाफ कडी कार्यवाही न होने पर वह मुख्यमंत्री के समक्ष आमरण अनशन को बाध्य होगी।

# ब्लाक पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने बांटे प्रमाण पत्र



**अखंड भारत संदेश**

**पहाडी/चित्रकूट।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई पहाडी के शपथ ग्रहण में बतौर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने ब्लाक अध्यक्ष अमित पाण्डेय समेत सभी पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र दिये।

गुरुवार को ब्लाक संसाधन केन्द्र पहाडी में हुए शपथ ग्रहण समारोह में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, निर्वाचन अधिकारी आलोक गर्ग, कमलेश मिश्रा ने विजयी ब्लाक अध्यक्ष अमित पाण्डेय समेत चुने 27 पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। पदाधिकारियों को जिलाध्यक्ष ने बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि अपेक्षा है कि अपने चुनावी वायदों के अनुरुप शिक्षकों की सेवा करेंगे। संगठन को मजबूत बनायें।

ब्लाक अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने सभी का आभार जताते हुए सदैव संगठन के प्रति निष्ठावान रहने व शिक्षक हित में कार्य करने का भरोसा दिया। ब्लाक के वरिष्ठ गुरुजनों का आशीर्वाद व साथियों के स्नेह से वह इस पद पर पहुंचे हैं। संचालन अशोक त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर अशोक वर्मा, शिवभूषण त्रिपाठी, रामभूषण पाण्डेय, विजय शुक्ला, अनुज नारायण पाण्डेय, आराधना सिंह, वन्दना यादव, अमित यादव, अमित गौतम, मनोज शुक्ला समेत दो सैकडा शिक्षक मौजूद रहे।

# चित्रगुप्त मन्दिर के ढोंगी बाबा से महिला परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** नगर पालिका कर्वी की शासन से नामित सदस्य सीमा निगम ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पुरानी बाजार कर्वी में स्थित चित्रगुप्त मन्दिर में एक ढोंगी बाबा महिलाओं से अभद्र बर्ताव करता है।

गुरुवार को नगर पालिका कर्वी की शासन से नामित वार्ड मेम्बर सीमा निगम ने पुलिस अधीक्षक को लिखे पत्र में कहा कि पुरानी बाजार स्थित चित्रगुप्त मन्दिर में एक ढोंगी बाबा ने दालान में हनुमानजी के सामने तार लगाकर साईंबाबा का मन्दिर जाने का मार्ग बन्द कर दिया है। साईंबाबा की मूर्ति मुनेश निगम ने लगवाई थी। वह जब भी दर्शन करने जाती हैं, ढोंगी बाबा महिलाओं से अभद्र बर्ताव करता है। चित्रगुप्त समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष केके माथुर ने किसी ढोंगी बाबा की नियुक्ति नहीं की है।

उन्होंने कहा कि ढोंगी बाबा के खिलाफ कर्वी कोतवाल से कई बार शिकायत की गई है। कस्बा प्रभारी ने हिदायत देकर ढोंगी बाबा को छोड दिया है। निगम ने ढोंगी बाबा को मन्दिर में ठगी करने से रोकने व तालाबन्दी करने से रोकने की मांग की है।

# वामा सारथी को डॉक्टरों ने आस्टियो पोरोसिस की दी जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** वामा सारथी उप्र पुलिस फेमिली वेलफेयर एसोसिएशन के मौके पर पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर पुलिस लाइन में महिला कल्याण केन्द्र में जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य शिविर लगाया।



गुरुवार को स्वास्थ्य शिविर की अध्यक्षता प्रतिसार निरीक्षक सुमेर सिंह व निरीक्षक रचना सिंह ने करते हुए पुलिस परिवार की महिलाओं से कहा कि निःशुल्क शिविर का सभी लोग लाभ उठायें। डॉ संतोष कुमार, डॉ सुकृति कुशवाहा, फार्मासिस्ट कृष्ण कुमार शुक्ला, स्टाफ नर्स नीशू ने पुलिस कर्मियों व पुलिस परिवार के बच्चों को बताया कि आस्टियो पोरोसिस की समस्या होने पर हड्डियां काफी कमजोर होने लगती हैं। हल्के से छूने पर टूट जाती हैं। अक्सर हिप्स, कलाई और स्पाई में फ्रैक्चर का सामना करना पडता है। हड्डियां लिविंग टिशू होती हैं। जो टूटती और बनती रहती हैं।

उन्होंने बताया कि आस्टियो पोरोसिस की समस्या होने पर पुरानी हड्डियां टूटने के बाद नई हड्डियों का निर्माण नहीं हो पाता। डॉक्टरों की टीम ने परीक्षण कर सुझाव एवं दवाइयां दी। स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने को कहा। इस मौके पर दरोगा गंगाचरण, रामदीन आदि अधिकारी- कर्मचारी मौजूद रहे।

# रंजीत और राकेश के दम पर गुजरात जाएंट्स ने यूपी योद्धाज को 6 अंक से हराया

**बेंगलुरू।** कप्तान चंद्रन रंजीत (20) और एचएस राकेश (16) के बेहतरीन सुपर-10 की बदौलत गुजरात जाएंट्स ने श्री कांतीरवा इंडोर स्टेडियम में खेले गए वीवो प्रो कबड्डी लीग के नौवें सीजन के 28वें मैच में यूपी योद्धाज को 51-45 के अंतर से हरा दिया। यूपी को पांच मैचों में तीसरी हार मिली है जबकि गुजरात ने इतने ही मैचों में दूसरी जीत हासिल की है। यह हाई स्कोरिंग मैच पूरी तरह रेडरों के नाम रहा। चंद्रन और राकेश के अलावा यूपी के लिए भी परदीप नरवाल (17) और सुरेंदर गिल (14) ने सुपर-10 पूरा किया लेकिन दोनों टीमों का डिफेंस पूरी तरह नाकाम रहा। गुजरात के डिफेंस ने जहां इस मैच में 7 अंक लिए वहीं यूपी का डिफेंस तो सिर्फ तीन अंक ही ले सका। मैच की पहली रेड पर परदीप डैश किए गए लेकिन उन्हें डैश करते समय अरकम शेख भी बाहर गए। इसके बाद सुरेंदर गिल ने बोनस लिया लेकिन चंद्रन रंजीत ने डू ओर डाई रेड पर दो अंक ले स्कोर 3-3 कर दिया। इसी बीच, सुरेंदर ने परदीप को रिवाइव करा दिया। पांच मिनट के बाद गुजरात को 5-4 की लीड मिली हुई थी। परदीप ने दूसरी रेड पर दो अंक ले खाता खोला। यूपी का डिफेंस अच्छा नहीं कर रहा था लेकिन परदीप ने इसकी भरपाई सुपर रेड के साथ की। 7-10 के स्कोर पर गुजरात पर ऑलआउट का खतरा था लेकिन रंजीत ने पहली रेड पर एक अंक लिया और फिर सुपर रेड के साथ न सिर्फ टीम को रिवाइव कराया बल्कि सुपर-10 के साथ 12-11 की लीड भी दिला दी। रंजीत टैकल के दौरान आउट हुए और फिर राकेश को लपक यूपी ने गुजरात को ऑल आउट कर 16-14 की लीड ले ली। परदीप ने आठवीं कामयाबी के साथ यूपी को 19-15 की लीड दिला दी। गुजरात ने हालांकि लगातार तीन अंकों के



साथ स्कोर डिफरेंस को 2 का कर दिया। राकेश ने डू ओर डाई रेड पर सुमित को बाहर कर स्कोर 19-21 किया। हाफ टाइम तक यही स्कोर रहा। ब्रेक के बाद गुजरात ने यूपी को ऑल आउट कर 25-23 की लीड ले ली। इसके बाद दोनों टीमों को 2-2 अंक मिले। रंजीत फिर बोनस के साथ तीन अंक लेकर गुजरात को 31-25 से आगे कर दिया। गिल ने दो अंकों के साथ यूपी का दूसरा ऑलआउट टाला लेकिन राकेश की अगली रेड पर यूपी ऑल आउट हुए। गुजरात को 37-29 की लीड मिल चुकी थी लेकिन गिल ने सुपर रेड के साथ यूपी को फिर से मैच में खड़ा कर दिया। 10 मिनट बचे थे और स्कोर 33-38 हो गया था। गिल सुपर-10 भी पूरा कर चुके थे। इसी बीच, राकेश ने अपना सुपर-10 पूरा किया। 5 मिनट बचे थे और 42-35 के स्कोर के साथ मैच अभी भी खुला हुआ था। राकेश ने हालांकि सुपर रेड के साथ गुजरात को 10 अंक की लीड दिलाई और यूपी को ऑल आउट की कगार पर लाकर खड़ा कर दिया। परदीप ने अगले रेड पर दो अंक लेकर सुपर-10 पूरा किया लेकिन अगली रेड पर वह लपके गए। इस तरह गुजरात ने 49-38 की लीड ले ली। अब गुजरात की जीत निश्चित नजर आ रही थी। परदीप ने हालांकि अंतिम पलों में सुपर रेड के साथ स्कोर डिफरेंस सात का कर दिया। रंजीत ने इसे 8 का किया। अब परदीप पर फिर से टीम को एक अंक दिलाने की जिम्मेदारी थी और वह इस प्रयास में सफल रहे।

# दिसंबर में बांग्लादेश का दौरा करेगा भारत

**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम फिलहाल टी-20 विश्व कप के लिए ऑस्ट्रेलिया पहुंची हुई है। ऑस्ट्रेलिया में इस टूर्नामेंट के बाद भारतीय टीम न्यूजीलैंड के दोरे पर तीन टी-20 मैचों और तीन वनडे मैचों की सीरीज में हिस्सा लेगी। साल के अंतिम महीने, दिसंबर में बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने भारत के लिए बांग्लादेश के दौरे का कार्यक्रम रखा है।

बांग्लादेश दौरे में भारतीय टीम तीन वनडे 4, 7 और 10 दिसंबर को खेलेगी और दो टेस्ट 14-18 दिसंबर और 22-26 दिसंबर के बीच खेलेगी। साल 2015 के बाद यह भारत का बांग्लादेश में पहला पूर्ण दौरा होगा। पिछ्ले दौरे पर इकलौता टेस्ट ड्रॉ हो गया था, जबकि बांग्लादेश ने वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड(बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन इस दौरे के बारे में बात करते हुए कहा, मौजूदा समय में भारत और बांग्लादेश के मुकाबलों में हमें रोमांचक टक्कर देखने को मिली है और दोनों देशों के प्रशंसक इस यादगार सीरीज़ का इंतजार कर रहे हैं। मैं बीसीबी के साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) का धन्यवाद करता हूं। हम भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं।बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा, मैं आगामी द्विपक्षीय सीरीज के लिए बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड को शुभकामनाएं देता हूं। दोनों देशों में क्रिकेट के प्रति रोमांच के चलते प्रशंसको के बीच ज़बरदस्त दिलचस्पी पैदा होती है। हम जानते हैं कि बांग्लादेश के




प्रशंसक कितने उत्सुक हैं और उन्हें सफेद गेंद और लाल गेंद के क्रिकेट में बहुत रोमांचक मैच देखने को मिलेंगे। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को ध्यान में रख कर दोनों टेस्ट मैच काफ़ी महत्वपूर्ण रहेंगे और दोनों टीमें जीत के लिए जबरदस्त मेहनत करेंगी।

**दिसंबर में भारत का बांग्लादेश दौरा**
**वनडे सीरीज**

4 दिसंबर : पहला वनडे (ढाका)
7 दिसंबर : दूसरा वनडे (ढाका)
10 दिसंबर : तीसरा वनडे (ढाका)

**टेस्ट सीरीज**

14-18 दिसंबर : पहला टेस्ट (चटगांव)
22-26 दिसंबर : दूसरा टेस्ट (ढाका)

# मुझे याद है पिछली बार मैनें एक हाथ से हसन अली को जड़े थे 2 छक्के, उम्मीद है कि इस बार भी मिलेगा मौका : पंत

**मेलबर्न।** भारत टी-20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरूआत 23 अक्तूबर को पाकिस्तान के खिलाफ करने जा रहा है। भारक और पाकिस्तान के बीच यह मुकाबला मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेला जाएगा। इस महामुकाबले से पहले भारत के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा मुझे याद है कि पिछले टी-20 विश्व कप में मैंने पाकिस्तानी गेंदबाज हसन अली को दो छक्के मारे थे और मैने इसके लिए एक ही हाथ का इस्तेमाल किया था। उन्होंने इस बार भी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने की उम्मीद जताई। पंत ने कहा, ''मुझे याद है कि मैंने हसन अली के एक ही ओवर में दो छक्के मारे थे। मैं और विराट रन गति बढ़ाने की कोशिश कर रहे थे, क्योंकि हमने शुरुआती विकेट खो दिए थे और हमने साझेदारी की थी। हम रन गति बढ़ा रहे थे और मैंने अपने मेरा विशेष शॉट से उसे एक हाथ से दो छक्के मारे।

## स्वीडन में सबसे कम उम्र की महिला मंत्री को सौंपा गया बड़ा मंत्रालय, पीएम को लताड़ के लिए बटोर चुकी हैं सुर्खियां

**रोमानिया।** स्वीडन सरकार ने सबसे युवा मंत्री को बड़े मंत्रालय का कार्भार सौंपा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 26 साल की उम्र में रोमानिया पॉरमोखतारी मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें जलवायु मंत्री बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री उल्फ क्रिस्टर्सन ने उनके नाम का प्रस्ताव मंत्रिमंडल के सामने रखा था। बता दें कि 5 9साल के क्रिस्टर्सन दक्षिणपंथी पार्टी स्वीडन डेमोक्रेट के नेता हैं। संसद में सोमवार को वह प्रधानमंत्री चुने गए। बता दें कि टीनएज पर्यावरण व जलवायु कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग भी स्वीडन से ही हैं। रोमानिया अब तक लिबरल पार्टी के यूथ विंग की मुखिया थीं। उनका बैकग्राउंड सियासी ही रहा है। खास बात यह भी है रोमानिया पहले क्रिस्टरसन की आलोचक थीं। सोशल मीडिया



पर खुलकर क्रिस्टरसन को लताड़ लगा चुकी हैं। हालांकि उनकी पार्टी स्वीडन डेमोक्रैट्स ने जब गठबंधन कर लिया तो वह उनके करीब आ गईं। इससे पहले स्वीडन में 27 साल के सबसे युवा मंत्री रह चुके हैं। लेकिन रोमानिया ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया। रोमानिया ईरानी मूल की महिला हैं।शुक्रवार को ही स्वीडन की नई गठबंधन सरकार का ऐलान किया गया है। दक्षिणपंथी पार्टी और इमिग्रेशन विरोधी पार्टी डेमोक्रैट्स के बीच समझौता हो गया और दोनों ने हाथ मिला लिया। इसके बाद क्रिस्टरसन प्रधानमंत्री के रूप में चुने गए। प्रधानमंत्री बनने के बाद क्रिस्टरसन ने एक नए मंत्रिपद का भी ऐलान किया है।

यह होगा सिविल डिफेंस मंत्रालय। इन दिनों स्वीडन की भी रूस के साथ तनातनी चल रही है। स्वीडन डेमोक्रैट पार्टी चुनाव में दूसरे नंबर पर रही थी। हालांकि इस पार्टी के साथ गठबंधन करने से सरकार के जो चार अन्य पार्टनर हैं उनमें तनाव हो सकता है। सरकार बचाए रखने के लिए उनका साथ भी जरूरी है।

## गायों की डकार व गैस पर टैक्स, विरोध में सैकड़ों किसान सड़कों पर उतरे

**कीव।** न्यूजीलैंड में गायों की डकार और उनके ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर टैक्स लगाने की सरकार की योजना का विरोध शुरू हो गया है। गुरुवार को देश के सैकड़ों किसान ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर उतर आए। ग्राउंड्सवेल न्यूजीलैंड संगठन के आह्वान पर न्यूजीलैंड में 50 से अधिक शहरों व कस्बों में विरोध प्रदर्शन किए गए। न्यूजीलैंड सरकार ने पिछले सप्ताह जलवायु परिवर्तन से निपटने की योजना के तहत नया कृषि कर लगाने का प्रस्ताव रखा था। इसमें गाय की डकार व गोबर व अन्य तरीकों से होने वाले ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन पर कर लगाने की योजना शामिल है। गायों की डकार, पाद व गोबर से मीथेन गैस निकलती है, जिससे




प्रदूषण फैलता है। यूजीलैंड में खेती बाड़ी से सबसे ज्यादा लोग जुड़े हुए हैं। देश की आबादी करीब 50 लाख है लेकिन, एक करोड़ से अधिक गाय और भैंसें और 2.6 करोड़ भेड़ें हैं। देश के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का लगभग आधा हिस्सा कृषि व पशुपालन का होता है। इनमें मवेशियों के डकारने से निकलने वाली मीथेन विशेष रूप से बड़ा योगदान देती है। राजधानी वेलिंगटन में विरोध प्रदर्शन के दौरान डेव मैककर्डी नामक किसान ने कहा कि वह प्रदर्शनकारियों की संख्या कम होने से निराश है। ज्यादातर किसानों ने साल भर, विशेष रूप से वसंत के मौसम अपने खेतों में कड़ी मेहनत की है। मैककर्डी ने कहा कि सरकार को पशुओं से गैस के उत्सर्जन पर कर लगाने की योजना पर पुनर्विचार करना चाहिए। न्यूजीलैंड की प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न ने 2050 तक देश को कार्बन उत्सर्जन मुक्त बनाने की योजना बनाई है। इस योजना में 2030 तक पशुपालन से होने वाले मीथेन उत्सर्जन को 10 फीसदी और 2050 तक 47 फीसदी तक कम करना शामिल है।

## रूस ने पेश की दोस्ती की मिसाल, पीओके व अक्साई चिन को बताया भारत का हिस्सा, चीन-पाक को झटका

**कीव।** रूस व भारत के ऐतिहासिक दोस्ती कई मौकों पर खरी उतरी है। एक बार फिर जब पाकिस्तान व चीन आतंकवाद के समर्थन पर एक सुर में बोल रहे हैं, वहीं, रूस ने एक नक्शा जारी कर इन दोनों देशों की बोलती बंद करने का प्रयास किया है।

रूसी समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चिन के साथ अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया गया है। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर और लद्धाख को भी भारत का अभिन्न हिस्सा दर्शाया गया है।

दरअसल, यह नक्शा रूसी सरकार ने शंघाई सहयोग संगठन के सदस्य देशों का नक्शा जारी किया है। उससे






भारत-रूस की दोस्ती की गहरी जड़ें साफ नजर आ रही हैं। पाकिस्तान और चीन भी एससीओ के सदस्य हैं, उनकी परवाह किए बिना रूस ने यह नक्शा जारी किया है। रूस द्वारा जारी इस नक्शे से विश्व मंच व शंघाई सहयोग संगठन के बीच भारत की स्थिति और मजबूत हुई है। भारत के सरकारी सूत्रों ने कहा है कि एससीओ के संस्थापक सदस्यों में होने के नाते रूस ने नक्शे का सही ढंग से चित्रण कर रिकॉर्ड स्थापित किया है।

> रूसी समाचार एजेंसी द्वारा जारी एक नक्शे में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और अक्साई चिन के साथ अरुणाचल प्रदेश को भारत का हिस्सा बताया गया है।

**चीन ने अपने हिस्से में दिखाए भारत के हिस्से**

उधर, चीन ने भी एससीओ के लिए जारी अपने नक्शे में भारत के कुछ इलाकों को अपना बताया है। यह उसकी विस्तारवादी नीति का परिचायक है। पाकिस्तान के लिए भी यह नक्शा एक झटका इसलिए है, क्योंकि कुछ दिनों पूर्व अमेरिकी राजदूत ने पीओके की यात्रा के दौरान इस इलाके को 'आजाद कश्मीर' बताया था। वहीं, जर्मनी के विदेश मंत्री ने भी हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर विवाद को सुलझाने में संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता का सुझाव दिया था।

## यूएन में पाकिस्तानी आतंकी के खिलाफ प्रस्ताव को चीन ने किया ब्लॉक, चार माह में चौथा मौका

**न्यूयॉर्क।** पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के कुख्यात आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकियों की सूची में शामिल कराने के भारत व अमेरिकी प्रस्ताव को चीन ने चौथी बार संयुक्त राष्ट्र में बाधित कर दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत और अमेरिका द्वारा यह प्रस्ताव लाया गया। हालिया महीनों में यह चौथा मौका है जब चीन ने भारत और अमेरिका द्वारा दुनिया के चुनिंदा आतंकियों को वैश्विक आतंकी सूची में डालने को लेकर पेश किए गए प्रस्ताव को बाधित किया। जिसमें लश्कर-ए-तैयबा का कुख्यात आतंकी व मुंबई हमलों के शीर्ष षड्यंत्रकारियों में शामिल साजिद मीर, लश्कर ए तैयबा व जमात उल दावा आतंकी अब्दुल रहमान मक्की, जैश-ए-मोहम्मद चीफ कुख्यात आतंकी अजहर महमूद का भाई अब्दुल रऊफ अजहर के नाम शामिल हैं। इन्हें वैश्विक आतंकी घोषित करने के लिए भारत व अमेरिका की तरफ से संयुक्त राष्ट्र में प्रस्ताव लाए गए लेकिन चीन ने अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर इन्हें वैश्विक आतंकी घोषित होने से बचा लिया। चीन वैसे भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंकियों को बचाने के लिए खासा बदनाम रहा है।

## पाकिस्तानी आतंकियों का मसीहा बना चीन, अब तलहा सईद को आतंकी सूची में शामिल होने से बचाया

**न्यूयॉर्क।** चीन ने एकबार फिर अपने वीटो का इस्तेमाल कर लश्कर के आतंकी हाफिज तलहा सईद को वैश्विक आतंकियों की सूची में शामिल किए जाने से बचा लिया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत और अमेरिका की तरफ से इससे संबंधित प्रस्ताव लाया गया था। मुंबई आतंकी हमले का मास्टर माइंड हाफिज सईद का बेटा हाफिज तलहा सईद, पांचवां ऐसा आतंकी है जिसे चीन ने पिछले चार महीने के दौरान ब्लैकलिस्ट होने से बचाया। चीन ने एक दिन पहले ही पाकिस्तानी आतंकी शाहिद महमूद को वैश्विक आतंकी सूची में शामिल होने से बचाया।

खास बात यह है कि जम्मू-कश्मीर में जिहाद को भड़काने वाले हाफिज तलहा सईद को भारत सरकार ने इसी साल अप्रैल में आतंकवादी घोषित किया है। वह लश्कर ए तैयबा में आतंकियों की भर्ती करने, आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के साथ आतंकी हमलों की साजिश रचने में काफी सक्रिय रहा है। भारत और अमेरिका की तरफ से यूएन में तलहा सईद के खिलाफ प्रस्ताव लाया गया, जिसमें 1267 अलकायदा सेंक्शन कमेटी के जरिये आतंकियों को ब्लैकलिस्ट किया जाता है। लेकिन चीन ने अपने वीटो का इस्तेमाल कर बचा लिया। चीन ने पिछले चार माह में लश्कर तैयबा के आतंकी साजिद मीर, अब्दुल रहमान मक्की, अब्दुल रऊफ अजहर, शाहिद महमूद के साथ अब तलहा सईद को काली सूची में जाने से बचाया है।

## अब तालिबान से दोस्ती पड़ रही महंगी, पाकिस्तान में आतंकी हमलों में 51 फीसदी तक हुई बढ़ोतरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को अफगानिस्तान में तालिबान को सत्ता स्थापित करने में मदद करना अब भारी पड़ रहा है। दरअसल, स्थानीय थिंक टैंक की रिपोर्ट में जो बातें सामने आई हैं उसने पाकिस्तान की चिंता बढ़ा दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले साल अगस्त में अफगानिस्तान की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद से पाकिस्तान में आतंकवादी घटनाओं की संख्या में 51 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

**बीते एक साल में 250 आतंकी हमले, 433 लोगों की गई जान**

पाक इंस्टीट्यूट ऑफ पीस स्टडीज (पीआईपीएस) की 'अफगानिस्तान की स्थिति और पाकिस्तान की नीतिगत प्रतिक्रिया' विषय पर जारी रिपोर्ट में कहा गया पाकिस्तान के लिए काबुल में आतंकवादी शासन का खतरा



स्पष्ट हो गया है क्योंकि देश ने गत एक साल में आतंकवादी हमलों में अप्रत्याशित तौर पर 51 प्रतिशत की वृद्धि देखी है। पीआईपीएस की रिपोर्ट के मुताबिक 15 अगस्त 2021 से 14 अगस्त 2022 के बीच पाकिस्तान में 250 आतंकवादी हमले हुए जिनमें 433 लोगों की जान गई और 719 लोग घायल हुए।

**खैबर पख्तूनख्वा के लोगों में भय और घबराहट का माहौल**

थिंक टैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि हाल के महीने में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आंतकवादियों के अफगानिस्तान से वापसी की खबरों से खैबर पख्तूनख्वा के लोगों में भय और घबराहट का माहौल है। इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आतंकवादियों की गतिविधियां खैबर पख्तूनख्वा के अहम स्थानों जैसे पेशावर, स्वात, दीर और टैंक में देखने को मिली है जो संकेत देता है कि उसका विस्तार हो रहा है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि हाल में निचले दीर जिले की पुलिस ने स्थानीय लोगों को परामर्श जारी कर मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए अपनी सुरक्षा की व्यवस्था करने को कहा था। पुलिस ने स्थानीय लोगों से बेवजह यात्रा नहीं करने और लाइसेंसी हथियार साथ रखने की सलाह दी थी।

## चीन ने जी20 शिखर सम्मेलन में चिनफिंग के शामिल होने का संकेत दिया

**बीजिंग।** चीन ने संकेत दिया है कि राष्ट्रपति शी चिनफिंग अगले महीने इंडोनेशिया में जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने 16 अक्टूबर को यहां सप्ताह भर चलने वाले अपने कांग्रेस सत्र का आगाज किया था, जिसमें राष्ट्रपति चिनफिंग को रिकॉर्ड तीसरी बार पांच साल के कार्यकाल के लिए समर्थन मिलने की उम्मीद है। चीनी विदेश मंत्रालय ने चिनफिंग के 10 साल के शासन के तहत हासिल की गई ''राजनयिक सफलता'' के बारे में बताते हुए कहा कि उनके शासनकाल के दौरान चीन ने अपनी संप्रभुता और सुरक्षा को ''मजबूती से'' बरकरार रखा है।

चिनफिंग को तीसरे कार्यकाल की मंजूरी मिलने के साथ ही शीर्ष नेताओं के 10 साल के कार्यकाल के बाद इस्तीफा देने का तीन दशकों से अधिक समय तक चला आ रहा नियम टूट जाएगा। सीपीसी और विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यहां एक विशेष संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि चीनी कूटनीति ने चिनफिंग के कार्यकाल के दौरान ''अभूतपूर्व और ऐतिहासिक'' सफलताएं हासिल की हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या चिनफिंग अगले महीने इंडोनेशिया के बाली में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे, विदेश मंत्रालय की सीपीसी समिति के सदस्य और उप मंत्री मा झाओसू ने कहा, ''हम इंडोनेशिया की जी20 अध्यक्षता को सक्रिय समर्थन देते हैं।'' उन्होंने कहा, ''चीन को उम्मीद है कि शिखर सम्मेलन कोविड-19 के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, विश्व आर्थिक सुधार को बढ़ावा देने और वैश्विक खाद्य ऊर्जा सुरक्षा की रक्षा करने में रचनात्मक भूमिका निभाएगा।'' उन्होंने कहा, ''जहां तक शिखर सम्मेलन में चीनी नेता की भागीदारी है, हम उचित समय पर प्रासंगिक जानकारी देंगे।'

## अमेरिका में दिवाली उत्सवः पहुंचे इतने लोग कि रोकना पड़ा प्रवेश

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में भारतीयों और भारतीय पर्वों की धूम सिर चढ़कर बोल रही है। ह्यूस्टन में आयोजित दिवाली उत्सव में इस कदर भीड़ उमड़ी कि आयोजकों को प्रवेश रोकना पड़ गया। आयोजन में 35 फुट ऊंची श्रीराम की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र रही।

अमेरिका सहित पश्चिमी देशों में भारतीय पर्वों का उल्लास छाया रहता है। अमेरिका के ह्यूस्टन शहर के उपनगरीय इलाके शुगरलैंड स्थित कांस्टेलेशन फील्ड में श्री सीताराम फाउंडेशन ने दिवाली उत्सव का आयोजन किया। श्री सीताराम फाउंडेशन की ओर से वर्ष 2012 से दिवाली उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, किन्तु इस बार यहां कुछ अलग ही उत्साह था। इस बार आयोजन स्थल पर भारतीय संस्कृति के हर रंग को दिखाने का प्रयास किया गया। लोक नृत्य, भारतीय मार्शल आर्ट का प्रदर्शन तो हो ही रहा था, उत्सव स्थल पर भगवान राम की 35 फीट तो हनुमान की 24 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई। इसके अलावा राम-रावण के बीच युद्ध का मंचन भी किया गया। वहां एक विशेष फूड बाजार लगाया गया, जहां भारत के





अलग-अलग हिस्सों के व्यंजन परोसे गए।

श्री सीताराम फाउंडेशन के अध्यक्ष अरुण वर्मा ने बताया कि आयोजकों ने अमेरिकी नागरिकों के सामने भारत की जीवंत संस्कृति एवं नैतिक मूल्यों को दिखाने का प्रयास किया। यही कारण है कि इस बार उत्सव में दस हजार से अधिक लोग पहुंचे। जिस फुटबाल मैदान में यह आयोजन हो रहा था, उसकी कुल क्षमता दस हजार लोगों की है। दिवाली उत्सव में भीड़ इस कदर बढ़ी कि लोगों का प्रवेश रोकना पड़ गया। वहां पहुंचने वालों में भारतीय मूल के लोगों के अलावा अमेरिकी सांसद, न्यायाधीश, मेयर एवं आयुक्त स्तर के अधिकारी भी शामिल थे। टेक्सास प्रांत के गवर्नर ग्रेब एबॉट, ह्यूस्टन के मेयर सिल्वेस्टर टर्नर भी आयोजन में शामिल हुए।

## ऑस्ट्रेलिया ने यरुशलम से इजरायली राजधानी के रूप में मान्यता वापस ली

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने पश्चिमी यरुशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में दी गई मान्यता वापस ले ली। इस फैसले को इजरायल और फिलिस्तीन के बीच शांति वार्ता के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने 2018 में पश्चिम येरुशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता दी थी। नए प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने पिछली सरकार के फैसले को बदल दिया है।

हालांकि ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री वोंग ने पिछली सरकार के निर्णय को पलटने के फैसले से इनकार किया है। वोंग के एक प्रवक्ता ने ऑस्ट्रेलिया के एबीसी न्यूज से कहा कि सरकार किसी भी शांति वार्ता के हिस्से के रूप में हल किए जाने वाले मामले के रूप में यरुशलम की अंतिम स्थिति पर विचार करना चाहती है। हमारे लिए शांति और सुरक्षा जरूरी है। हम उस दृष्टिकोण का समर्थन नहीं करेंगे जो शांति की संभावना को कमजोर करता है। पूर्व सरकार ने पश्चिमी यरुशलम को इजरायल की राजधानी के रूप में मान्यता देने का निर्णय लिया था। यह सही बात है लेकिन हम इसकी राजधानी बदलने नहीं जा



रहे बल्कि इस पर विचार करेंगे।

उल्लेखनीय है कि फिलिस्तीन और इजरायल के विवाद के केंद्र में प्राचीन यरुशलम शहर ही है। यहां की स्थिति में मामूली बदलाव भी कई बार हिंसक तनाव और बड़े विवाद का रूप ले चुका है। इस प्राचीन शहर में यहूदी, ईसाई और मुस्लिम धर्म के सबसे पवित्र स्थल हैं। ये शहर सिर्फ धार्मिक रूप से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि कूटनीतिक और राजनीतिक रूप से भी बेहद अहम है।

अधिकतर इजरायली यरुशलम को अपनी अविभाजित राजधानी मानते हैं। इजरायल राष्ट्र की स्थापना 1948 में हुई थी। तब इजरायल की संसद को शहर के पश्चिमी हिस्से में स्थापित किया गया था। 1967 के युद्ध में इजरायल ने पूर्वी यरुशलम पर भी कब्जा कर लिया थाए लेकिन इसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता नहीं मिली है। इसके बाद प्राचीन शहर भी इजरायल के नियंत्रण में आ गया।

## प्रतिस्पर्धा आयोग ने गूगल पर लगाया 1337.76 करोड़ का जुर्माना

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने गूगल पर बड़ी कार्रवाई की है। सीसीआई ने इंटरनेट सर्च इंजन गूगल पर विरोधी प्रतिस्पर्धी अभ्यास के लिए 1,337.76 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। सीसीआई ने गुरुवार को ट्वीट कर यह जानकारी दी है। भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग के एक बयान के मुताबिक गूगल पर एंड्रॉयड मोबाइल उपकरण बाजार के क्षेत्र में अपनी मजबूत स्थिति का दुरुपयोग करने को लेकर यह कार्रवाई की है। इसके साथ ही सीसीआई ने प्रमुख इंटरनेट कंपनी को अनुचित कारोबारी गतिविधियों को रोकने और बंद करने का निर्देश भी दिया है।


अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।


## ऋषि सुनक को हराकर ब्रिटिश पीएम बनीं लिज ट्रस की कुर्सी खतरे में, जनता से मांगी माफी

**लंदन।** भारतवंशी ऋषि सुनक को हराकर ब्रिटेन की प्रधानमंत्री बनीं लिज ट्रस की कुर्सी खतरे में है। सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद ही प्रधानमंत्री लिज ट्रस के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी में हैं। इस बीच ट्रस ने अपने गलत निर्णयों के लिए जनता से माफी मांगी है।

ब्रिटेन की प्रधानमंत्री लिज ट्रस इन दिनों गंभीर राजनीतिक संकट का सामना कर रही हैं। कर कटौती में छूट का उनका निर्णय उनके लिए ही मुसीबत बन गया है। अब उनकी अपनी पार्टी कंजर्वेटिव पार्टी के सांसद उनके खिलाफ हो गए हैं। बताया गया कि पार्टी के 100 से ज्यादा सांसद ट्रस के खिलाफ जल्द ही अविश्वास प्रस्ताव लाने की तैयारी कर रहे हैं। इस बाबत जल्द ही पार्टी की अविश्वास प्रस्ताव संबंधी समिति के मुखिया ग्राहम ब्रैटी को पत्र सौंपा जाएगा। इस पत्र में यह बताने का प्रयास किया जाएगा कि



ट्रस का समय अब समाप्त हो गया है। उनसे अपने पक्ष में विश्वास प्रस्ताव लाने को भी कहा जा सकता है।

इस संकट के देखते हुए प्रधानमंत्री लिज ट्रस ने देश की जनता से माफी मांगी है। उन्होंने निर्णय लेने में गलतियां करने की बात स्वीकार करते हुए अपने फैसलों के लिए माफी मांगी है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि वे अभी सरकार का नेतृत्व करती रहेंगी। उनसे हुई गलतियों की जिम्मेदारी वे स्वीकार करती हैं और इसके लिए माफी मांगना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि वे उच्च करों की समस्या से निपटने के लिए टैक्स कटौती में छूट देकर लोगों की मदद करना चाहती थीं। इसमें उन्होंने काफी तेजी भी दिखाई, जो गलत साबित हुई। इस बीच ब्रिटेन के नए वित्त मंत्री जेरेमी हंट ने प्रधानमंत्री ट्रस की टैक्स कटौती की सभी घोषणाओं को वापस लेने की घोषणा भी कर दी।